CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 301 राजनांदगांव, सोमवार 21 सितंबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## ईरान ने अमेरिका के सामने रखीं 7 शर्तें, कतर के जरिए भेजा संदेश, चेताया- मांगें नहीं मानीं तो निर्णायक जंग को तैयार

तेहरान। ईरान ने अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने और बातचीत दोबारा शुरू करने के लिए सात शर्तें सामने रखी हैं। ईरान के सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहसेन रेजाई के मुताबिक, इन शर्तों को कतर के जरिए वॉशिंगटन तक पहुंचाया गया है और अब तेहरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाब का इंतजार कर रहा है। रेजाई ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ईरान की मांगों को स्वीकार नहीं करता है तो तेहरान 'निर्णायक युद्ध' के लिए तैयार है।



### ईरान की अमेरिका के सामने क्या मांगें हैं?

मोहसेन रेजाई ने बताया कि ईरान की प्रमुख मांगों में सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करना, विदेशों में जमे ईरानी फंड को जारी करना और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी समाप्त करना शामिल है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी कहा कि बातचीत शुरू करने के लिए तेहरान ने सात शर्तें तय की हैं और उसका रुख स्पष्ट है। रेजाई के मुताबिक, अमेरिका के हित में है कि वह इन शर्तों को स्वीकार करे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों से कोई परिणाम हासिल नहीं होगा और ईरान किसी निर्णायक युद्ध के लिए तैयार है।

कतर और पाकिस्तान दोनों अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं। क्षेत्र के अन्य देश भी संघर्ष खत्म कराने के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रहे हैं। रेजाई ने कहा कि ईरान के सैन्य आकलन के अनुसार अमेरिका की ओर से एक और हमला होने की संभावना 'बहुत अधिक' है। उन्होंने दावा किया कि तेहरान इसके लिए तैयार है और पिछली दो दौर की लड़ाई के बाद अपनी सैन्य रणनीति में बदलाव कर चुका है। उन्होंने कहा कि ईरान की मौजूदा सैन्य योजना फारस की खाड़ी से लेकर ओमान की खाड़ी और अरब सागर तक मौजूद अमेरिकी नौसैनिक संपत्तियों पर केंद्रित है। रेजाई ने यह भी दावा किया कि ईरान ने हाल में एक बहु-वॉरहेड एंटी-शिप मिसाइल का परीक्षण किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ईरान की जवाबी कार्रवाई का निशाना क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकाने, अमेरिकी कारोबारी हित और स्थानीय स्तर पर काम करने वाली अमेरिकी कंपनियां भी हो सकती हैं।

### परमाणु नीति पर ईरान का क्या रुख?

परमाणु नीति को लेकर रेजाई ने कहा कि ईरान ने अभी परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर निकलने का फैसला नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका की कार्रवाइयां तेहरान को ऐसा फैसला लेने की दिशा में धकेल सकती हैं। रेजाई के मुताबिक ईरान की परमाणु नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेहरान अब भी परमाणु हथियारों के खिलाफ धार्मिक फतवे का पालन करता है। इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत बहाल कराने के लिए कतर और पाकिस्तान की मध्यस्थता जारी है। ताजा घटनाक्रम में ईरान ने अपनी शर्तें अमेरिका तक पहुंचा दी हैं और अब ट्रंप प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

## कस्टम मिलिंग में खेल : 183 मिलर्स में से सिर्फ 6 ही जमा करा पाए पूरा चावल, 4.66 अरब का चावल मिलों में डंप



रायपुर। रायपुर जिले में एग्रीमेंट के तहत 183 मिलर्स में अभी तक सिर्फ आधा दर्जन मिलर्स ही कस्टम मिलिंग का शत-प्रतिशत छत्तीसगढ़ चावल नागरिक आपूर्ति निगम को लौटा पाए हैं। शेष 177 मिलर्स के पास अभी भी 1 लाख 16 हजार 562 टन चावल डंप है, जिसे जमा नहीं किया है। इस डंप चावल की कीमत 4 अरब 66 करोड़ रुपए से अधिक है।

### अब प्रशासन ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

इन मिलर्स में 11 ऐसे हैं, जिनके द्वारा अब तक चावल का एक दाना भी जमा नहीं किया गया है। इधर मिलर्स द्वारा चावल जमा करने में बरती जा रही लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अब इन मिलर्स के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके लिए इन सभी मिलर्स को नोटिस भी जारी किया है और उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि अगर वे 3 दिन में अनुबंध के तहत चावल जमा नहीं करेंगे तो उनके विरुद्ध सख्ती बरतते हुए बैंक गारंटी %को जब्ती बनाने से लेकर उनके मिल में सीलबंदी की कार्रवाई की जाएगी।

### अब तक सिर्फ 1.51 लाख टन चावल जमा

1398021.55 टन धान उठाव के विरुद्ध 267676.85 टन जमा होना है चावलः विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, जिले में एग्रीमेंट के तहत 183 राइस मिलर्स द्वारा कुल 398021.55 टन धान का उठाव किया गया है। इस धान के विरुद्ध कुल 267676.85 टन चावल जमा किया जाना है, लेकिन अभी तक कुल 151114.34 टन चावल ही जमा हो पाया है। इस तरह शेष - 116562.46 टन चावल जमा होना बाकी है। धान का उठाव 15 नवंबर 2025 से शुरू होकर 31 जनवरी 2026 तक हुआ था। इस तरह धान का उठाव किए साढ़े सात महीने हो चुके हैं। इसके बाद भी मिलर्स द्वारा अब तक महज 154.94 प्रतिशत चावल ही जमा कर पाए हैं।

### 11 मिलर्स एक दाना भी नहीं कर पाए जमा

चावल जमा नहीं करने वालों में 11 मिलर्स ऐसे हैं, जिनके द्वारा इतने महीनों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली एसआईआर के बाद बड़ा झटका : आडवाणी, सिसोदिया और केजरीवाल समेत 33 लाख मतदाताओं को नोटिस, सूची में सिब्बल भी

नई दिल्ली। दिल्ली में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के दौरान मतदाता सूची में सामने आ रही खामियों ने कई नामचीन लोगों के नाम भी जांच के दायरे में ला दिए हैं।

पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सांसद बांसुरी स्वराज और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी समेत कई प्रमुख मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें अधिकतर मामले पिछली एसआइआर की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं होने के बताए गए हैं। हालांकि, इस पूरी कवायद में सबसे चौंकाने वाला मामला दिवंगत अर्थशास्त्री और पद्म पुरस्कार से सम्मानित बिबेक देबराय का है। वर्ष 2024 में निधन के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज मिला और उन्हें भी नोटिस जारी कर दिया गया।




**वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों पर ईसी की कार्रवाई**

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार करीब 33.13 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं। इनमें से 31,63,930 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग के साफ्टवेयर से सामने आई 11 तरह की लाजिकल डिस्क्रेपेंसी और पिछली एसआइआर सूची से नो-मैपिंग के मामलों में ये नोटिस भेजे गए हैं। नोटिस पाने वालों में पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी भी शामिल हैं। उन्हें नो-मैपिंग की श्रेणी में रखा गया है। इसी तरह पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, उनकी पुत्री प्रतिभा, बहू गीतिका आडवाणी, पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी कल्पना दास, तथा सांसद बांसुरी स्वराज को नो-मैपिंग की श्रेणी में नोटिस दिया गया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की पत्नी तेजस्विनी भूषण गवई को सेल्फ नेम मिसमैच के आधार पर नोटिस जारी किया गया है। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी सीमा और बेटे मीर के नाम भी नोटिस सूची में हैं। अधिकारियों के अनुसार सिसोदिया को पटपड़गंज/संबद्ध क्षेत्र में वोटर रिकार्ड का पिछला (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सब्सिडी वाला एलपीजी सिलिंडर पाने के लिए 1 अक्टूबर से बायोमेट्रिक आधार सत्यापन अनिवार्य

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर की पारदर्शी डिलीवरी सुनिश्चित करने और फर्जी कनेक्शनों को खत्म करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार, 1 अक्टूबर 2026 से सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए बायोमेट्रिक आधार सत्यापन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जो उपभोक्ता इस समयसीमा तक अपना सत्यापन पूरा नहीं कराएंगे, उन्हें सब्सिडी वाले मूल्य पर एलपीजी सिलिंडर नहीं मिलेगा।



### सब्सिडी के सही वितरण के लिए कड़ा कदम

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, सब्सिडी का सही और सीधा लाभ केवल पात्र व वास्तविक परिवारों तक पहुंचे, इसके लिए बायोमेट्रिक आधार सत्यापन जरूरी किया गया है। जिन ग्राहकों ने अब तक अपना ई-केवाईसी (द्व-च्ङ्ख्रष्ट) या आधार सत्यापन पूरा नहीं कराया है, वे 1 अक्टूबर से सब्सिडी वाले रियायती मूल्य पर सिलिंडर बुक नहीं कर पाएंगे।

### 27 करोड़ से अधिक ग्राहकों का सत्यापन पूरा

मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 19 सितंबर 2026 तक देश के करीब 27.43 करोड़ (89.9 प्रतिशत) सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ता अपना बायोमेट्रिक आधार सत्यापन पहले ही करा चुके हैं। जिन ग्राहकों का सत्यापन एक बार पूरा हो चुका है, उन्हें दोबारा कोई प्रक्रिया करने की आवश्यकता नहीं होगी। जो उपभोक्ता निर्धारित समय तक अपना बायोमेट्रिक आधार सत्यापन नहीं कराएंगे, वे एलपीजी सिलिंडर तो प्राप्त कर सकेंगे, लेकिन उन्हें बिना सब्सिडी के बाजार मूल्य पर सिलिंडर खरीदना होगा। ऐसे उपभोक्ताओं को ऑयल कंपनियों के डिजिटल पोर्टल, ऐप या ढ्ढङ्क्रऋ के जरिए गैर-सब्सिडी वाले सिलिंडर के लिए अपनी सहमति दर्ज करानी होगी।

### आधार सत्यापन कराने के आसान तरीके

उपभोक्ता बिना किसी परेशानी के अपना आधार सत्यापन पूरा कर सकते हैं। सिलिंडर की डिलीवरी के दौरान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ओडिशा के साथ नहीं है कोई विवाद, महानदी जल बंटवारे पर बोले सीएम विष्णु देव साय

रायपुर (दावा)। ओडिशा प्रवास पर भुवनेश्वर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को यहां मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से उनके निवास पर मुलाकात की। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आपसी संबंधों, क्षेत्रीय विकास तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत हुई। दोनों राज्यों के शीर्ष नेतृत्व ने आपसी समन्वय बनाकर क्षेत्र के समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



**ओडिशा दौरे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय : सीएम मोहन चरण मांझी से की मुलाकात, दोनों राज्यों के रिश्तों पर बात**

### सहयोग और विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

ओडिशा के मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक की जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये साझा की। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के बीच सहयोग को और अधिक गति देने तथा जनता के हित से जुड़ी जनकल्याणकारी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक और सार्थक बातचीत हुई है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच बेहतर प्रशासनिक व सामाजिक तालमेल के साथ पूरे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ने का साझा संकल्प लिया गया है। इस दौरान दोनों पड़ोसी राज्यों के हित से संबंधित विषयों पर एक साथ मिलकर काम करने और आपसी सहयोग को लगातार मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

### भुवनेश्वर पहुंचकर लिंगराज मंदिर जाएंगे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुबह करीब 9.50 बजे अपने आधिकारिक निवास से स्वामी विवेकानंद विमानतल के लिए रवाना हुए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ढेबर परिवार से 50 करोड़ की डिमांड, धमकी देने वाले ने खुद को बताया बिश्नोई गैंग का आदमी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ढेबर परिवार को कथित तौर पर धमकी भरा फोन आने का मामला सामने आया है। फोन करने वाले ने परिवार से 50 करोड़ रुपए की मांग की और रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। खास बात यह है कि कॉल के दौरान खुद को बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया गया। फोन करने वाले ने अनवर ढेबर और एजाज ढेबर का नाम लेकर भी धमकी दी। घटना की जानकारी पुलिस तक पहुंचने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि धमकी देने वाला वास्तव में किसी संगठित गिरोह से जुड़ा है या फिर बिश्नोई गैंग के नाम का इस्तेमाल कर परिवार को डराने और पैसे वसूलने की कोशिश की गई है।

### कर्मचारी को आया धमकी भरा फोन

जानकारी के मुताबिक, ढेबर परिवार के एक कर्मचारी को फोन आया था। कॉल करने वाले ने बातचीत के दौरान खुद को बिश्नोई गैंग से कनेक्ट बताया। इसके बाद परिवार से 50 करोड़ रुपए देने की मांग की गई।बताया जा रहा है कि पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की बात कही गई। फोन करने वाले ने धमकी के दौरान अनवर ढेबर और एजाज ढेबर का नाम भी लिया। घटना के बाद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दुर्ग में अवैध गुटखा फैक्ट्री पर सेंट्रल जीएसटी का छापा : दो मशीनें और 30 बोरा गुटखा जब्त

दुर्ग। जिले के कुम्हारी क्षेत्र में सेंट्रल जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने रविवार को दबिश देकर एक अवैध गुटखा निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। कुम्हारी के स्टेशन चौक इलाके में स्थित एक गोदाम में बिना अनुमति 'सितार' ब्रांड के गुटखे का अवैध उत्पादन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से गुटखा बनाने वाली दो अत्याधुनिक मशीनें और लगभग 30 बोरा तैयार गुटखा जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेंट्रल जीएसटी इंटेलिजेंस को गुप्त सूचना मिली थी कि स्टेशन चौक के पास एक गोदाम में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से गुटखा तैयार कर बाजार में खपाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद 10 से 12 अधिकारियों-कर्मचारियों का दल तीन वाहनों में सवार होकर अचानक मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर को घेर लिया।



### लाखों रुपये का माल बरामद

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने गोदाम के भीतर चल रही गतिविधियों की सघन जांच की। मौके से गुटखा निर्माण में प्रयुक्त दो मशीनें और 30 बोरी गुटखा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। अधिकारियों द्वारा यह पड़ताल की जा रही है कि इस कारोबार में कितने बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की जा रही थी और नियमों का क्या-क्या उल्लंघन हुआ है।

### सुरेश गुप्ता का बताया जा रहा गोदाम

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिस गोदाम में यह अवैध कारोबार संचालित हो रहा था, वह सुरेश गुप्ता नामक व्यक्ति का है। टीम ने परिसर से स्टॉक रजिस्टर, खरीद-बिक्री से जुड़े कागजात व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिए हैं। कार्रवाई पूरी करने के बाद सेंट्रल जीएसटी की टीम जब्त मशीनों, तैयार माल और दस्तावेजों को लेकर रायपुर स्थित मुख्यालय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मॉस्को पर 1,000 से ज्यादा ड्रोन हमलों का दावा, तेल रिफाइनरी को नुकसान; 2 की मौत

मॉस्को। रूस के अधिकारियों के मुताबिक, मॉस्को की ओर बढ़ रहे 450 ड्रोन नष्ट किए गए। हमले में मॉस्को ऑयल रिफाइनरी और एक रिहायशी इमारत को नुकसान पहुंचा, जबकि मॉस्को क्षेत्र में 20 लोग घायल हुए।



रूस ने दावा किया है कि यूक्रेनी सेना ने रातभर देश के अलग-अलग हिस्सों में 1,000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, इनमें सैकड़ों ड्रोन मॉस्को की ओर भेजे गए थे। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने इसे राजधानी पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया। उनके अनुसार, हमले में मॉस्को ऑयल रिफाइनरी और एक रिहायशी इमारत को नुकसान पहुंचा है। वहीं, मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने दो लोगों की मौत और 20 लोगों के घायल होने की जानकारी दी।

रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, उसकी सेना ने देशभर में, क्रीमिया और काला सागर के जलक्षेत्र समेत, 1,100 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि राजधानी की ओर बढ़ रहे 450 ड्रोन नष्ट किए गए। सोब्यानिन ने हमले को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि ड्रोन हमलों के कारण मॉस्को ऑयल रिफाइनरी और एक रिहायशी इमारत को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में रिफाइनरी को हुए नुकसान की सटीक सीमा या उत्पादन पर इसके असर का विस्तृत ब्योरा नहीं दिया गया है।

### मॉस्को क्षेत्र में दो लोगों की मौत, 20 घायल

रूसी अधिकारियों के अनुसार, हमले में मॉस्को क्षेत्र में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि 20 लोग घायल हुए हैं। गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने मृतकों की पहचान 74 वर्षीय पुरुष और 44 वर्षीय महिला के रूप में की। हमले के बाद नुकसान का आकलन किया जा रहा था। अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों में हुई क्षति को लेकर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की थी।

### रूस के संसदीय चुनाव के आखिरी दिन हुआ हमला

ड्रोन हमले का दावा ऐसे समय किया गया, जब रूस में संसदीय चुनाव का तीसरा और आखिरी दिन चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, इसे युद्ध शुरू होने के बाद रूस का पहला संसदीय चुनाव बताया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'जाति के नाम पर भेदभाव हिंदू समाज पर कलंक', बोले - आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने जाति आधारित भेदभाव और सामाजिक विभाजन को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जन्म के आधार पर भेदभाव हिंदू संस्कृति का हिस्सा नहीं है और जाति के नाम पर होने वाले भेदभाव से समाज कमजोर होता है। होसबाले ने कहा कि सभी लोग भारत माता की संतान हैं और सभी ईश्वर की संतान हैं। इसलिए इंसानों के बीच किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर समाज में होने वाले गलत व्यवहार से समाज की ताकत कम होती है और उसे भीतर से कमजोर करता है।



### 'जाति का भेदभाव हिंदू समाज पर कलंक'

आरएसएस महासचिव ने कहा कि जाति के आधार पर भेदभाव को खत्म करने की शुरुआत कानून या केवल उपदेशों से नहीं होगी। इसके लिए लोगों को अपने व्यवहार, जीवन और घर से बदलाव की शुरुआत करनी होगी। उन्होंने कहा कि समाज के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने वाले लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि वे जाति के आधार पर किसी से भेदभाव नहीं करेंगे। उनके मुताबिक, यह हिंदू समाज पर लगा एक कलंक है और समाज को इससे मुक्त होने की जरूरत है। होसबाले ने कहा कि यह बदलाव केवल कानून बनाने, किसी महापुरुष के आने या किसी के उपदेश देने से नहीं होगा। लोगों के अपने आचरण में बदलाव से ही सामाजिक भेदभाव खत्म किया जा सकता है।

### 'जाति, भाषा और क्षेत्र के नाम पर विभाजन से कमजोर होती है एकता'

दत्तात्रेय होसबाले ने समाज में जाति, संप्रदाय, भाषा और क्षेत्र के आधार पर बनने वाले विभाजन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यदि समाज को एकजुट करना है तो अंदर के भेदभाव को पीछे छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि लोग खुद को किसी जाति, संप्रदाय या भाषा से जोड़कर अलग मानने लगते हैं। इसी तरह उत्तर भारत और दक्षिण भारत के नाम पर भी अलगाव की भावना पैदा होती है। उनके अनुसार, इस तरह का भेदभाव लोगों को एक-दूसरे से दूर करता है। उन्होंने संगठन की ताकत समझाने के लिए मुट्ठी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग उंगलियों में ताकत होती है, लेकिन जब वे एक साथ आती हैं तो मुट्ठी की ताकत बढ़ जाती है। उनके अनुसार, यही संगठन की शक्ति है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### चाकू लहराकर लोगों को भयभीत करने वाला आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में आम स्थान पर धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत कर वाले आरोपी को घेराबंदी कर गिरफतार किया है और उसके पास से धारदार चाकू बरामद कर उसे जेल की सीखचों में भेज दिया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन ने बताया कि आरोपी राकेश पटेल पिता जोहन पटेल उम्र 32 वर्ष निवासी सागर पारा के विरुद्ध पूर्व में भी थाना बसंतपुर में आपराधिक प्रकरण दर्ज है। 20 सितंबर रविवार को थाना बसंतपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मोहारा बायपास आम स्थान पर एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर लहरा रहा है तथा आमजन को भयभीत कर रहा है। सूचना पर थाना बसंतपुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मौके पर आरोपी राकेश पटेल, पिता स्व. जोहन पटेल, निवासी सागरपारा को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 451/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

### कल थैलीटोला में रिकार्डिंग डांस आयोजित

बांधाबाजार (दावा)। समीप ग्राम थैलीटोला में 22 सितंबर को शाम 6 बजे से एक दिवसीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन नव जागृति युवा मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वधान मे आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता मे एकल नृत्य, युगल नृत्य, सामुहिक नृत्य रखा गया है। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय चतुर्थ पंचम, स्थान प्राप्त होने वाले को विशेष पुरस्कार व सभी प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले मंडलियों को सदाबहार की राशि आयोजक समिति के द्वारा प्रदाय किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी सतीश कुमार सिन्हा दे दिया।

### डाक विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी भेष सिंह चंदेल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। डाक विभाग राजनांदगांव से सेवानिवृत्त एम.ओ. भेष सिंह चंदेल का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे स्व. श्याम सिंह चंदेल के सुपुत्र तथा शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी प्रमोद सिंह चंदेल (श्री टाइल्स एंड डोर/प्रमोद टाइल्स) के पिता थे। स्व. भेष सिंह चंदेल का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सेंधरी (लालबहादुर नगर) में संपन्न होगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### संकल्प अभियान : उज्ज्वला योजना से हेमलता के जीवन में आया बदलाव



मोहला(दावा)। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और योजनाओं से लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को सामने लाना है। इसी क्रम में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम सांगली की हितग्राही श्रीमती हेमलता यादव के जीवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से आया बदलाव सेवा और सुशासन की सार्थक पहल का उदाहरण है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ मिलने से पूर्व हेमलता का परिवार खाना पकाने के लिए मुख्य रूप से लकड़ी, उपले एवं अन्य पारंपरिक ईंधन पर निर्भर था। पारंपरिक ईंधन के कारण रसोई में धुआं भर जाता था। खाना बनाने में अधिक समय और मेहनत लगती थी तथा लकड़ी की व्यवस्था करने में भी हेमलता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ मिलने के बाद हेमलता को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन एवं गैस चूल्हा प्राप्त हुआ। इससे उनके परिवार के लिए स्वच्छ ईंधन से खाना पकाना आसान हो गया। हेमलता कहती हैं कि उज्ज्वला गैस का उपयोग करने से रसोई में धुएं की समस्या कम हुई और स्वच्छ ईंधन से भोजन पकाना संभव हुआ। अब उन्हें खाना पकाने के लिए लकड़ी एकत्र करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। जिससे उनके समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। स्वच्छ ईंधन की सुविधा से परिवार की दिनचर्या अधिक सुविधाजनक हुई है।









# सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाला समाज है साहू समाज : श्रीमती वीणा सिंह

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के तत्वावधान में आयोजित हरितालिका तीज महोत्सव-2026 रविवार को बसंतपुर स्थित जिला साहू सदन में अपार उत्साह, उमंग और सामाजिक एकजुटता के वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चले इस भव्य आयोजन में प्रतिभा सम्मान समारोह, परिवार संस्कार कार्यशाला, खेलकूद व रचनात्मक प्रतियोगिताएं, निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श तथा रक्तदान शिविर जैसे बहुआयामी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समारोह की मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रीमती वीणा सिंह ने अपने संबोधन में साहू समाज की समरसता और एकजुटता की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि साहू समाज सदैव सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाला एक सशक्त और प्रेरणादायी समाज रहा है। समाज ने कभी किसी को आहत नहीं किया। बल्कि हमेशा परस्पर सहयोग और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की दिशा दिखाई है। श्रीमती वीणा सिंह ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हमेशा साहू समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है और वे स्वयं भी समाज के विकास व सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज द्वारा रखी गई मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

#### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

महोत्सव के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में



जिला साहू संघ का हरितालिका तीज महोत्सव उत्साह व गरिमा के साथ संपन्न

उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मंच से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज की तरक्की का मूल आधार है और प्रतिभाओं का सम्मान अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर करने की प्रेरणा देता है।

#### संस्कार कार्यशाला एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं

आयोजित परिवार संस्कार कार्यशाला में पारिवारिक मूल्यों, आपसी सामंजस्य, दायित्वों और संस्कृति के संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही महिलाओं व युवतियों के लिए कुर्सी दौड़, रस्साकशी, मटका फोड़, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया।

#### स्वास्थ्य परामर्श एवं रक्तदान शिविर

सामाजिक सरोकार के तहत नवजीवन हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर लगाया गया। वहीं मां कर्मा रक्तवीर क्लब के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं और समाजजनों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया। समारोह की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष नोबल साहू ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू तथा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती ममता साहू उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, प्रदेश साहू संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती साधना साहू, संगठन सचिव श्रीमती चन्द्रवती साहू, प्रदेश संयोजिका (महिला प्रकोष्ठ) श्रीमती दिव्या कलिहारी, पूर्व विधायक छन्नी साहू, श्रीमती पूनम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू, श्रीमती देवकुमारी साहू, जिला संरक्षक भागवत साहू, समाजसेवी श्रीमती जयश्री साहू, डॉ. बेदलाल साहू, श्रीमती केसरी साहू एवं श्रीमती सुमन साहू सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## गणेश विसर्जन के लिए तैयार होने लगी झांकियां, दिन-रात झांकी बनाने में जुटे कलाकार

### 35 से 40 की संख्या में निकलेगी विसर्जन झांकियां, उमंग गणेशोत्सव बना रहा त्रिदेव दर्शन व पर्यावरण संरक्षण

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में इन दिनों गणेशोत्सव पर्व की धूम बनी हुई है। लोगो में गणेश भक्ति का खुमार छाया हुआ है। शहर सहित आसपास के गांव-देहातों से भगवान गणेश की मनोहारी प्रतिमा व सजाई गई आकर्षक स्थल झांकियां देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। कुछ स्थानों में धार्मिक थीम सहित अन्य विषयों पर बनाई गई झांकियां लोगों का भीड़ खींच रही है। इससे देर रात तक शहर में चहल-पहल का वातावरण बना हुआ है। गणेश उत्सव के अंतिम दिन अनन्त चतुर्दशी को निकलने वाली विसर्जन झांकियों को लेकर अब तैयारियां तेज हो गई है। विसर्जन झांकी के निर्माण में शहर के कलाकार जुटे हुए हैं वहीं बाहर के कलाकार भी आकर शहर में डेरा डाले हुए हैं। उनके द्वारा विभिन्न थीम व धार्मिक व पौराणिक प्रसंगों से लेकर देश भक्ति व सामाजिक एवं पर्यावरण विषयो को लेकर झांकियां तैयार की जा रही है। समिति के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में विसर्जन झांकियों को अंतिम रूप देने के लिए कलाकार दिन रात एक किए हुए हैं।

#### धार्मिक व पौराणिक प्रसंगों सहित आकर्षित करेगी देशभक्ति पूर्ण झांकियां

शहर के आर्ट कलाकार गणेश प्रसाद गन्नू गुरुजी इस बार हमाल पारा के उमंग गणेशोत्सव की झांकी बनाने में जुटे हैं। महिला थाने के समीप फ्लाई ओवर के नीचे झांकी को आकर्षक साज-सज्जा से संवारने में जुटे गन्नु गुरुजी ने बताया कि इस बार उमंग मंडल विसर्जन झांकी के दर्शनार्थियों को ब्रह्मा विष्णु महेश की आकर्षक प्रतिमा वाली त्रिदेव दर्शन करा रही है वहीं लोगों पर्यावरण संरक्षण का भी सीख दे रही है। उन्होंने बताया कि इस झांकी में राष्ट्र भक्ति के साथ हवा में उछालते लगाते हुए बब्बर शेर लोगों के बीच आकर्षण के केंद्र बना



रहेगा। इसी तरह बाल समाज के अध्यक्ष नीरज पोरवाल व झांकी प्रभारी दामू भूतड़ा ने बताया कि इस बार बाल समाज की झांकी में श्री राधाकृष्ण की युगल मुर्तियां होलिका उत्सव का चित्रण करते लोगों को सम्मोहित करेगी। तिरंगा मंडल भरकापारा के झांकी प्रभारी रहे पंकज गुप्ता ने बताया कि इस बार मंडल द्वारा स्थानीय कलाकारों से झांकी न बना कर बाहर से बनी बनाई झांकी मंगाई जा रही है।

#### निकलेगी तीन दर्जन से अधिक विसर्जन झांकियां

सूत्रों की मानें तो शहर में इस वर्ष 3 दर्जन से अधिक विसर्जन झांकी निकालने की तैयारी चल रही है। शहर की पूर्व स्थापित गणेश उत्सव समितियों में बाल समाज, सुमति मंडल, लघु मंडल, नवरत्न मंडल, नवयुवक गणेशोत्सव समिति, उमंग गणेशोत्सव,बाल समाज मित्र मंडल सहित अन्यान्य गणेश समितियों द्वारा झांकियां को अंतिम रुप देने जुटे हुए हैं। रंगबिरंगी विद्युत झालरों सहित आकर्षक एवं भव्य आर्च सहित आकर्षक सजावट धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर आधारित झांकियां के साथ गणेश प्रतिमाओं को धूमधाम के साथ विसर्जन स्थल तक ले जाने की तैयारियां की जा रही है। बताया जाता है कि इस बार की झांकियों में उपरोक्त दृश्यों सहित भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओ से लेकर भगवान शिव की अदभुत और विशालकाय झांकी देखने को मिलेगी। भगवान श्री राम की कथा से संबंधित विसर्जन झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

#### पुलिस प्रशासन द्वारा भी की जा रही व्यवस्था बनाने की तैयारी

बता दें कि संस्कारधानी नगरी हांकी और गणेश विसर्जन झांकी के नाम से दूर-दूर तक विख्यात है। गणेश पर्व के अंतिम दिन शहर की सड़कों में विसर्जन झांकियों की धूम रहती है। एक से बढ़कर एक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहती है जिसे देखने शहर ही नहीं आसपास के गांवों सहित दूसरे जिले व प्रांतों के लोग राजनांदगांव की गणेश विसर्जन झांकी देखने आते हैं। इस बार भी झांकियां का कारवां नजर आएगा। जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस और प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की तैयारियां की जा रही है। शहर के चौक-चौराहों और जुलूस मार्गो पर पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण,तथा भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।वहीं गणेश विसर्जन के दिन विसर्जन झांकी जुलूस शांति पूर्ण व व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन स्तर पर आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर व एस पी द्वारा सभी गणेशोत्सव समितियों के लोगों की एक बैठक भी लिया गया है। यातायात विभाग प्रमुख द्वारा उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में गणेश विसर्जन झांकी निकालने के लिए रुट चार्ट तैयार कर लिए जाने की बात कही जा रही है। जल्द ही रुक व्यवस्था का जायजा लेकर इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## स्वावलंबी भारत अभियान लघु उद्यमियों व युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर : आत्माराम कोशा 'अमात्य'



○ महंत सर्वेश्वरदास म्यूनिसिपल हाई स्कूल में आयोजित हुआ स्वावलंबी भारत प्रबोधन कार्यक्रम
○ शासकीय नौकरी की जगह उद्यमशीलता अपनाएं युवा, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। शहर के महंत राजा सर्वेश्वरदास म्यूनिसिपल हाई स्कूल में स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में विचार प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मूर्धन्य साहित्यकार स्व. इंदु भूषण ठाकुर जन्म शताब्दी समारोह प्रसंग पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक व वरिष्ठ साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वदेशी भारत अभियान के राजकुमार शर्मा (अधिवक्ता) ने की, जबकि छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के जिला समन्वयक राकेश इंदु भूषण ठाकुर ने विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने कहा कि देश की बढ़ती जनसंख्या के बीच हर शिक्षित व्यक्ति को केवल शासकीय नौकरी उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे दौर में सरकार कौशल विकास और स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सिर्फ नौकरी की तलाश तक सीमित न रहकर उद्यमशीलता की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। सरकार स्वरोजगार स्थापित करने के लिए वित्तीय व तकनीकी सहायता उपलब्ध करा रही है, जिसका लाभ युवाओं को लेना चाहिए।

#### उद्यमशीलता के बल पर बनाई जा सकती है अलग पहचान

श्री कोशा ने विद्यार्थियों को शहर के एक सफल उद्योगपति का उदाहरण देते हुए प्रेरित किया कि कैसे उन्होंने एक छोटी सी पंचर दुकान से शुरुआत कर अपने परिश्रम और उद्यमशीलता के दम पर उद्योगों का साम्राज्य खड़ा किया। ऐसे व्यक्तित्व समाज और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत और अनुकरणीय हैं। अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता राजकुमार शर्मा ने स्वावलंबी भारत अभियान के मूल उद्देश्यों और विशेषताओं की जानकारी दी। वहीं राकेश इंदु भूषण ठाकुर ने कहा कि युवा वर्ग और नवोद्यमियों के लिए सरकार द्वारा आसान ऋण व संबल प्रदान करने की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने शिक्षित युवाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों व गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी स्वावलंबी भारत अभियान के अनिमेष राय ने दी।

## बाल हृदय रोग जांच शिविर का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के तहत श्री सत्य सांई संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर द्वारा बाल हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिरायु दलों द्वारा चिन्हांकित 107 बच्चों को पंजीयन किया गया। श्री सत्य सांई संजीवनी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी



बच्चों का जांच किया गया। जिसमें से 39 बच्चें हृदय रोग से ग्रसित पाये गये एवं 11 बच्चों का फॉलो-अप किया गया।

ज्ञातव्य है कि विगत वर्ष बाल हृदय रोग जांच शिविर में 146 बच्चों का पंजीयन किया गया था। जिसमें से 48 बच्चे हृदय रोग से ग्रसित पाये गये थे। इनमें से 34 बच्चों का ईलाज हो गया है। शेष 14 बच्चों का ईलाज जारी है।


**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक अयाज शेख पिता - जी.एम. हन्की जाति-मुसलमान निवासी ग्राम-अं.चौकी, वार्ड नं. 14, तह.अं.चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर अंग्रेजी भाषा में AYSHA SHAIKH तथा उड़िया भाषा में तथा पिता के नाम के स्थान पर M D AYAZ SHAIKH नाम अंकित है। उक्त नाम व पिता का नाम गलत है, परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान अयाशा शेख AYSHA SHAIKH आ. अयाज शेख AYAZ SHAIKH अंकित है, उक्त नाम तथा पिता का नाम सही है। इसलिए आधार कार्ड में अंग्रेजी भाषा में AYSHA SHIKH तथा भाषा में भी तथा पिता के नाम पर M D AYAZ SHAIKH नाम अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर अयाशा शेख AYSHA SHAIKH आ. अयाज शेख AYAZ SHAIKH अंकित कराना चाहता हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा/आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान :- अं.चौकी, दिनांक: 18/09/2026

आवेदक
अयाज शेख
निवासी ग्राम- अंबागढ़ चौकी
तह. अं.चौकी, जिला-मो.मा.अं.चौकी(छ.ग.)

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक अयाज शेख पिता-जी.एम. हन्की जाति-मुसलमान निवासी ग्राम-अं.चौकी वार्ड नं. 14, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूँ। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर अंग्रेजी भाषा में M D AYAZ SHAIKH तथा उड़िया भाषा में तथा पिता के नाम अंकित है। उक्त नाम गलत है, परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में पिता के नाम के स्थान अयाज शेख AYAZ SHAIKH अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में अंग्रेजी भाषा में M D AYAZ SHAIKH तथा उड़िया भाषा में भी मेरा नाम अंकित है। उसे सुधार करवाकर AYAZ SHAIKH अंकित कराना चाहता हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा/ आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएवं ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान :- अं.चौकी, दिनांक: 18/09/2026

आवेदक
अयाज शेख
निवासी ग्राम- अंबागढ़ चौकी
तह. अं.चौकी, जिला-मो.मा.अं.चौकी(छ.ग.)


## सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के 1234 विद्यालयों में मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों की कड़ी में आज 19 सितम्बर को जिले के चारों विकासखंडों के 1234 के शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, सेवा, सुशासन, जनभागीदारी तथा विकसित भारत-2047 की संकल्पना पर अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए देश की विकास यात्रा के पिछले 25 वर्षों की उपलब्धियों और आगामी 25 वर्षों में विकसित भारत के अपने सपनों को साझा किया। विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कृषि, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी विकास एवं जनभागीदारी जैसे



विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने शाला विकास समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के समक्ष अपने विचार रखते हुए विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता के दौरान एक विद्यार्थी ने स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली जनभागीदारी की भावना है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढने से देश में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण को गति मिली है। विद्यार्थी ने कहा कि उनके सपनों का भारत ऐसा होगा। जहां महिलाएं सम्मान के साथ आगे बढ़ेंगी। बच्चों के हाथों में किताबें होंगी, किसान आधुनिक, जैविक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाएंगे और देश समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यालयों में गत दिवस आयोजित मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। पालकों, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा स्व-सहायता समूहों के सदस्यों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की।

# यात्री किराये में 30 से 40 प्रतिशत बढ़ोतरी के संकेत, नहीं थमेंगे बसों के पहिए

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सकारात्मक चर्चा के बाद बस संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित
- प्रदेश की 9 हजार और जिले की 700 बसों के पहिए थमने से टली यात्रियों की बड़ी परेशानी



राजनांदगांव (दावा)। महंगाई के दौर में आम जनता की जेब पर एक और अतिरिक्त भार पड़ने के संकेत मिल रहे हैं। प्रदेशभर के बस ऑपरेटरों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हुई सकारात्मक वार्ता के बाद स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही बसों के यात्री किराये में 30 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के आह्वान पर जिले सहित पूरे प्रदेश के बस संचालक अपनी मांगों–विशेषकर यात्री किराये में बढ़ोतरी– को लेकर 21 सितंबर से चक्काजाम करने की तैयारी में थे। यदि यह हड़ताल होती, तो जिले की लगभग 700 और प्रदेशभर की करीब 9 हजार यात्री बसों का संचालन पूरी तरह ठप हो जाता, जिससे दैनिक यात्रियों, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों और ग्रामीण अंचल के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता।

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ रायपुर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष रईस अहमद शकील ने बताया कि संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री के समक्ष ऑपरेटरों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर शासन की ओर से सकारात्मक रुख देखने को मिला है। मांगों पर विचार और निराकरण के आश्वासन के बाद संघ ने प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को फिलहाल स्थगित करने का फैसला लिया है।

### ऑपरेटर बोले– संचालन खर्च बढ़ने से किराया वृद्धि जरूरी

बस ऑपरेटरों का तर्क है कि लंबे समय से यात्री किराये में कोई संशोधन नहीं हुआ है, जबकि इस दौरान डीजल, स्पेयर पार्ट्स, टायर, बीमा प्रीमियम, परमिट फीस, रोड टैक्स और कर्मचारियों के वेतन खर्च में भारी वृद्धि हुई है। मौजूदा किराया दर पर बसों का नियमित संचालन घाटे का सौदा साबित हो रहा है। ऐसे में यात्री किराये में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि की मांग पर सरकार विचार कर रही है, जिस पर जल्द ही अंतिम मुहर लगने की उम्मीद है।

# इस्पात कंपनी में मजदूर की मौत, 7 लाख मुआवजा के बाद मामला हुआ शांत

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र के आदर्श इस्पात कंपनी में काम करने वाले मजदूर की मौत के बाद मामला गरमा गया लेकिन शहर से गए प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस की हस्तक्षेप व कंपनी मालिक से समझौते के बाद मृतक के परिवार वालों को 7 लाख मुआवजा देने के बाद मामला शांत हुआ।



परिजनों के प्रदर्शन के दौरान एसडीएम व तहसीलदार की रही उपस्थिति

मिली जानकारी के अनुसार टेड़ेसरा स्थित आदर्श इस्पात कंपनी में काम करने वाला बिरेझर गांव निवासी 62 वर्षीय मजदूर हीरु पटेल पिता मंगतु पटेल रोजाना की तरह काम पर आया हुआ था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। सोमनी थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि मजदूर की मौत हार्ट अटैक आने से हुई।

उसे नजदीक के सोमनी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को सोमनी के शव गृह में पोस्ट मार्टम करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने कंपनी के सामने मृतक के शव को रखकर प्रदर्शन किया जो कि काफी शोर-शराबा एवं हंगामे के बीच लगभग देर शाम 7 बजे तक यह प्रदर्शन चलते रहने पश्चात कंपनी प्रबंधन द्वारा 7 लाख का मुआवजा दिया गया। तब कही जाकर मामला शांत हुआ। इस दौरान एसडीएम गौतम पाटिल, तहसीलदार नाग जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, टेड़ेसरा सरपंच खिलेश्वर साहू परस साहू आदि सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे। मामले को देखते हुए सोमनी थाना प्रभारी एमन साहू ने पुलिस बल तैनात की थी। बहरहाल कंपनी द्वारा मृतक के परिवार वालों को 7 लाख रुपए मुआवजा बतौर दिऐ जाने उपरांत मामला शांत हो गया है।

# सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने सांसद संतोष पाडे को सौंपा ज्ञापन



- अध्यादेश लाकर 30 लाख शिक्षकों को राहत देने की मांग, संसद में मुद्दा उठाने की अपील
- सांसद ने दिया केंद्रीय शिक्षा मंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराने का भरोसा

राजनांदगांव (दावा)। सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर शिक्षक संगठनों ने अपनी आवाज बुलंद की है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन एवं प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे से उनके कार्यालय में मुलाकात की और इस संबंध में विस्तृत साक्ष्य व दस्तावेज प्रस्तुत किए।

प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के समक्ष देश भर के करीब 30 लाख सेवारत शिक्षकों और उनके परिवारों की चिंताओं को रखा। शिक्षक नेताओं ने कहा कि वर्षों से अध्यापन कार्य करा रहे शिक्षकों की दक्षता को केवल टीईटी परीक्षा के पैमाने पर नहीं मापा जाना चाहिए। बल्कि उनके सुदीर्घ अनुभव और सेवा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि केंद्र सरकार संसद में अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के प्रभाव से शिक्षकों को राहत प्रदान करे, ताकि उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताते हुए कहा कि नौकरी पर संकट के इस माहौल से शिक्षकों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है। भय और असुरक्षा की स्थिति में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। सांसद संतोष पांडे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों और दस्तावेजों का गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने शिक्षकों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि वे इस विषय को सक्षम पटल पर रखेंगे तथा शीघ्र ही शिक्षक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात केंद्रीय शिक्षा मंत्री से कराने का प्रयास करेंगे।

मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक मनीष मिश्रा, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिलाध्यक्ष पी.आर. झाड़े, रमेश कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार रंगारी, ओमप्रकाश साहू, ललित प्रताप सिंह, बंदीशनेम पांडे, अमीन कुरैशी, सोनेश्री पाटिल, रोशन साहू, सूरज प्रसाद शर्मा, डीसम प्रसाद तिवारी, सुधांशु सिंह, उत्तम डडसेना, थंगेश्वर साहू, चंचल कुमार द्विवेदी (जिलाध्यक्ष दुर्ग), लक्ष्मीकांत तिवारी (सचिव दुर्ग), हरिशंकर देवांगन (उपाध्यक्ष पाटन) सहित अनेक पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

# सफलता की कुंजी है आत्मविश्वास, लेकिन अति आत्मविश्वास से बचें : मुनि श्रेयांशप्रभ सागर



ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में दी सीख

राजनांदगांव (दावा)। जीवन में सफलता की सीढ़ी चढ़ने के लिए स्वयं पर भरोसा होना सबसे महत्वपूर्ण है। आत्मविश्वास आपको आगे बढ़ाता है, लेकिन अति आत्मविश्वास (ओवर कॉन्फिडेंस) कभी-कभी खतरे में भी डाल सकता है। यह विचार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर ने ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में आयोजित चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला के दौरान व्यक्त किए।

मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री ने आत्मविश्वास और अति आत्मविश्वास के सूक्ष्म अंतर को समझाया। उन्होंने कहा कि ओवर कॉन्फिडेंस एक ऐसी भ्रामक कल्पना है। जो आंखों के सामने आती तो है, लेकिन सही समय आने पर बीच में ही साथ छोड़ जाती है। इसके विपरीत, वास्तविक आत्मविश्वास व्यक्ति को धैर्यपूर्वक और निरंतर लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ाता है।

### नियमितता और आत्मनिर्भरता से आता है आत्मविश्वास

मुनि श्री ने जीवनोपयोगी संदेश देते हुए कहा कि आत्मविश्वास और नियमितता दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जब कोई व्यक्ति किसी कार्य को निरंतर और नियमित रूप से करता है तो उसके भीतर उस काम को लेकर आत्मविश्वास स्वतः बढ़ जाता है। ऐसे में व्यक्ति पूरी सजगता के साथ कार्य को बिना किसी त्रुटि के पूर्ण कर पाता है। उन्होंने यह भी सीख दी कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य स्वयं करने का अभ्यास करना चाहिए। आत्मनिर्भरता से आत्मविश्वास मजबूत होता है। मुनि श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि वे किसी भी कार्य को पूरे आत्मविश्वास के साथ हाथ में लें और अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ें।

# सूचिका तरियाल ने एशियाई चैंपियनशिप में पक्का किया पदक



मंगोलिया की खिलाड़ी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

डोंगरगढ़ (दावा)। नागोया, जापान में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं सूचिका तरियाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) ट्रेडिशनल फाइट के 60 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सूचिका ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मंगोलिया की खिलाड़ी अल्टेंचिमेग बाइगलमा को 2-0 से पराजित किया। इस जीत के साथ सूचिका तरियाल ने प्रतियोगिता में भारत के लिए एक पदक सुनिश्चित कर लिया है। अब सेमीफाइनल मुकाबले में उनका सामना सिंगापुर की खिलाड़ी हुई हुन त्यों से होगा। सेमीफाइनल में भी सूचिका से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। सूचिका की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ मिक्स्ड मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की डायरेक्टर निधि वर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं सूचिका तरियाल की प्रैक्टिस पार्टनर राणा वसुंधरा सिंह तथा अंतरराष्ट्रीय कोच राणा अजय सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने सूचिका के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए आगामी मुकाबले के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# पार्षद दिलीप कुंभकार के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान



'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत नदी घाट पर जलाए गए सैकड़ों दीप, सुख-समृद्धि की मंगलकामना

अंबागढ़ चौकी (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में विभिन्न सेवा एवं सामाजिक गतिविधियां उत्साहपूर्वक आयोजित की गईं। इस अभियान का नेतृत्व करते हुए नगर पंचायत पार्षद दिलीप कुंभकार ने कार्यकर्ताओं व नागरिकों के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई।

अभियान की शुरुआत नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। पार्षद दिलीप कुंभकार और कार्यकर्ताओं ने हाथों में झाड़ू थामकर यात्री प्रतीक्षालय, शिवनाथ नदी घाट, मंदिर परिसर तथा नवाब खान चौक सहित प्रमुख चौक-चौराहों की गहन सफाई की। इस दौरान आम नागरिकों और व्यापारियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने के लिए जागरूक किया गया।

### हवन-पूजन कर की दीर्घायु की कामना

दोपहर के सत्र में नगर की सुख, शांति और समृद्धि तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुदीर्घ व स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर स्थानीय मंदिर परिसर में विधि-विधान से हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

### शिवनाथ घाट पर जलाए 'आशीर्वाद के दीये'

संध्या पहर शिवनाथ नदी तट पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान नदी घाट की सीढ़ियों पर नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने एक साथ बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए और प्रधानमंत्री के प्रति शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रेषित किए। इस अवसर पर पार्षद दिलीप कुंभकार ने कहा कि सेवा और समर्पण के भाव से ही समाज और नगर का वास्तविक विकास संभव है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि अंबागढ़ चौकी को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए ऐसे जनहितकारी प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को सामाजिक सरोकारों और जनभागीदारी से जोड़ना है। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, प्रबुद्धजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शरद तिवारी अध्यक्ष, महेंद्र शुक्ला पुनः बने सचिव



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा, जिला राजनांदगांव की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। त्रिवर्षीय चुनाव में सर्वसम्मति से शरद तिवारी को पुनः अध्यक्ष चुना गया। अशोक तिवारी एवं आशीष शर्मा (पीलू) को उपाध्यक्ष, कौशल शर्मा को कोषाध्यक्ष, महेंद्र शुक्ला को पुनः सचिव तथा अरविंद तिवारी को सह-सचिव नियुक्त किया गया।

चुनाव अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा एवं दिनेश तिवारी ने त्रिवर्षीय चुनाव की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने समाज के विकास एवं आगामी कार्यों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश मिश्रा, भारत भूषण दुबे, दिनेश तिवारी, श्याम किशोर शर्मा, अजय तिवारी, विष्णु चोबे, सत्येंद्र तिवारी, अजय शर्मा, रोहित तिवारी, अनीष तिवारी, आलोक तिवारी, पोषण शुक्ला, रूपनारायण शुक्ला एवं प्रांजल शुक्ला उपस्थित रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में सचिव महेंद्र शुक्ला ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभा समाप्त करने की घोषणा की।




अंबागढ़ चौकी (दावा)। शाहिद भगतसिंह युवा गणेश उत्सव समिति वार्ड नंबर 8, अंबागढ़ चौकी में स्थापित है।

# गणेश समितियों की बैठक : झांकी दर्शन में शालीन व्यवहार व स्वच्छता का रखें ध्यान, पॉली पेपर पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



- कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त, डीएसपी व प्रशासनिक अधिकारियों ने ली झांकी समितियों की बैठक
- विद्यार्थियों, बच्चों और निर्धन परिवारों को शुल्क में छूट देने तथा दर्शनार्थियों से सद्भावनापूर्ण व्यवहार की हिदायत

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की ऐतिहासिक गणेश पर्व परंपरा के अनुरूप पंडालों में सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को नगर पालिक निगम आयुक्त कार्यालय में स्थल झांकी समितियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम, डीएसपी क्राइम एस.पी. तिवारी, डीएसपी यातायात के.के. वाजपेयी, तहसीलदार पी.एल. नाग, कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके एवं राजस्व अधिकारी मोबिन अली ने समिति पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। विगत दिनों स्थल झांकी वाले पंडालों में अत्यधिक शुल्क वसूली और व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं द्वारा दर्शनार्थियों के साथ अशोभनीय व्यवहार की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेंद्र यादव के निर्देश पर प्रशासनिक दल ने पूर्व रात्रि में विभिन्न पंडालों का निरीक्षण कर समितियों को समझाइश दी थी। जिसके बाद यह समीक्षा बैठक बुलाई गई।

### सद्भावनापूर्ण व्यवहार व शुल्क में रियायत की अपील

प्रशासनिक अधिकारियों ने समितियों से कहा कि राजनांदगांव की गरिमामय परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए झांकियों का प्रदर्शन करें ताकि आम नागरिकों को कोई असुविधा न हो। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि छोटे बच्चों, विद्यार्थियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के दर्शनार्थियों से कोई शुल्क न लिया जाए। एक ही परिवार से अधिक संख्या में आने वाले लोगों को शुल्क में यथोचित छूट दी जाए। पंडालों की व्यवस्था में तैनात कार्यकर्ता दर्शनार्थियों के साथ विनम्र और संयमित व्यवहार करें। झांकी समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासनिक निर्देशों का पूर्ण पालन करने का भरोसा दिया।

### पॉली पेपर व सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्त चेतावनी

निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने सभी गणेशोत्सव समितियों से पूजा व विसर्जन के दौरान पॉली पेपर (चमकीले प्लास्टिक रैपर/पन्नी) तथा प्रतिबंधित सामग्रियों का बिल्कुल उपयोग न करने का कड़ा आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पॉली पेपर नष्ट नहीं होता और पर्यावरण व स्वच्छता को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। इसका उपयोग पाए जाने पर आर्थिक दंड की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने अपील की कि प्रसाद एवं भंडारा वितरण के दौरान डिस्पोजल सामग्री सड़कों पर न फेंकी जाए। इसके लिए पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखे जाएं तथा कार्यक्रम समाप्त होते ही संबंधित क्षेत्र की तुरंत सफाई सुनिश्चित कराई जाए।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**थ्रू ट्रैक रिनीवल (TTR) के S&T कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल S&T अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. **निविदा सूचना क्र.:** ST-TTR-TWS-NGP-G-1Part26 दिनांक: 10.09.2026
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के नागपुर (Excl) - गोंदिया (Excl) सेक्शन में थ्रू ट्रैक रिनीवल (TTR) के संबंध में सिग्नलिंग कार्य के साथ-साथ TWS-50 सेट (1:12) की स्थापना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 8,09,99,726/-,
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 16,20,000/-,

2. **निविदा सूचना क्र.:** ST-TTR-TWS-G-Durg2npart26 दिनांक: 10.09.2026
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के गोंदिया (Incl) - दुर्ग (Excl) सेक्शन में थ्रू ट्रैक रिनीवल (TTR) के संबंध में सिग्नलिंग कार्य के साथ-साथ TWS-50 सेट (1:12) की स्थापना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 8,60,78,262/-,
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 17,21,600/-,

**उपरोक्त दोनों निविदाओं की समापन अवधि:** 15 (पंद्रह) महीने
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **05.10.2026** के **15:00** बजे तक जमा करें। अन्य विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल S&T अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

AIM/51-134

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल 'दावा'

> खुशी अगर धन की मिले तो अहंकार पैदा करती है, और मन की मिले तो संस्कार पैदा करती है।

## भारत-चीन संबंधों में नई दिशा दीर्घकालिक साझेदारी पर फोकस

हाल ही में, दुनिया का ध्यान 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की जगह पर गया, जहाँ चीन और भारत - दो पड़ोसी ताकतें - एक बार फिर द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक जिम्मेदारियों के चौराहे पर आमने-सामने थीं। कज़ान और तियानजिन में हुई बैठकों के बाद, नई दिल्ली में दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई मुलाकात एक अहम मोड़ पर हुई, जब रिश्ते बेहतर हो रहे थे और दुनिया बदल रही थी।

राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन-भारत संबंधों के स्थिर और निरंतर विकास को बढ़ावा देने के लिए चार बातें रखीं - रणनीतिक सोच, सहयोग के रास्ते, मतभेदों का प्रबंधन और बहुपक्षीय तालमेल। इन बातों ने दुनिया के दो सबसे बड़े विकासशील देशों के लिए ऐतिहासिक बाधाओं को पार करने और विकास की राह पर आगे बढ़ने के लिए एक व्यापक और स्पष्ट ढांचा तैयार किया है।

आज चीन और भारत वैसे नहीं रहे जैसे वे दशकों पहले थे। दोनों देश लगभग एक साथ विकास और पुनरुत्थान के एक अहम चरण में प्रवेश कर चुके हैं। चीन उच्च-गुणवत्ता वाले विकास की ओर बढ़ रहा है, जबकि भारत अपनी ÷मेक इन इंडिया÷ पहल के ज़रिए औद्योगिक आधुनिकीकरण को आगे बढ़ा रहा है।

दोनों अर्थव्यवस्थाओं ने वैश्विक परिदृश्य में खुद को सबसे आगे स्थापित किया है। ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर, एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी मानना ??या परिभाषित करना, असल में अपने ही विकास के दायरे को स्वेच्छा से सीमित करने और अनावश्यक आपसी टकराव में कीमती रणनीतिक संसाधनों को बर्बाद करने जैसा होगा।

चीन और भारत महत्वपूर्ण पड़ोसी हैं और दोनों %ग्लोबल साउथ% के मुख्य सदस्य हैं। उनका विकास एक-दूसरे के भू-राजनीतिक और आर्थिक माहौल से गहराई से जुड़ा हुआ है। किसी भी देश की स्थिर वृद्धि वास्तव में दूसरे देश के लिए एक व्यापक क्षेत्रीय बाज़ार और अधिक सुरक्षित परिवेश तैयार करेगी।

अपनी हालिया बैठक के दौरान, दोनों नेताओं के बीच इस बात पर महत्वपूर्ण सहमति बनी कि ÷चीन और भारत को साझेदार होना चाहिए,÷ जिससे द्विपक्षीय संबंधों के लिए आगे का रास्ता तय हुआ।

एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी के बजाय साझेदार के रूप में देखना और दूसरे के विकास को खतरे के बजाय एक अवसर के रूप में देखना, दोनों देशों के दशकों के विकास के अनुभव, उनकी वर्तमान ज़रूरतों और उनके दीर्घकालिक हितों पर आधारित एक स्पष्ट रणनीतिक निर्णय है। इसके पीछे शांति, स्थिरता और बेहतर जीवन के लिए दोनों देशों के लोगों की साझा आकांक्षा है।

इस समझ को हकीकत में बदलने के लिए मज़बूत सहयोग की आवश्यकता है। चीन-भारत संबंधों में हालिया सुधार से महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं, जैसे कि बातचीत के उन रास्तों का फिर से खुलना जो कभी बंद हो गए थे। सीधी उड़ानों के फिर से शुरू होने का मतलब है कि दोनों देशों के लोग किसी तीसरे देश से गुज़रे बिना अपने शहरों के बीच सीधे यात्रा कर सकते हैं, जिससे इन दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच लोगों का आपसी मेल-जोल आसान हो गया है।

व्यापार और आर्थिक संबंधों में हुई प्रगति और भी महत्वपूर्ण रही है। दोनों देशों के बीच व्यापार कई बार 150 अरब डॉलर के नए ऊंचे स्तर पर पहुंचा है। चीन की मशीनरी और बिजली के उपकरण, नई ऊर्जा से जुड़े पुर्जे और दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाले इंटरमीडिएट्स भारतीय बाज़ार में आ रहे हैं, जिससे भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बेहतर बनाने में अहम मदद मिल रही है। साथ ही, भारत के खास कृषि उत्पाद और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं चीनी बाज़ार में नए मौके तलाश रहे हैं। सहयोग की ये छोटी-छोटी लगने वाली बातें ही दोनों देशों के संबंधों की मज़बूत नींव बना रही हैं। इनसे ज़्यादा लोगों को बेहतर संबंधों का ठोस फ़ायदा मिलता है और ÷दोनों की जीत वाले सहयोग का विचार सिर्फ़ सरकारी भाषा तक सीमित न रहकर दोनों देशों के उद्योगों और आम लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में हकीकत बन जाता है।

इसके अलावा, चीन और भारत साथ रहने का एक ज़्यादा परिपक्व तरीका तलाश रहे हैं - ऐसा तरीका जिससे कुछ मतभेद पूरे द्विपक्षीय संबंधों पर हावी न हों और यह पक्का किया जा सके कि सीमा विवाद सहयोग की रफ़्तार को न रोकें। दशकों के अनुभव से यह साबित हुआ है कि जब दोनों पक्ष मतभेदों को सुलझाने और बातचीत के तरीकों को बेहतर बनाने पर मुख्य रूप से ध्यान देते हैं, तो सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता को बुनियादी सुरक्षा मिलती है।

हाल के वर्षों में कई तरह के संस्थागत इंतज़ाम किए गए हैं - जैसे कमांडर-स्तर की बैठकें, सीमा के मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों के बीच बनी सहमति, और नई मिलिट्री हॉटलाइन व एक्सपर्ट ग्रुप बनाना। इन उपायों से सीमावर्ती इलाकों में बातचीत का तरीका ÷संकट के समय की प्रतिक्रिया÷ से बदलकर सामान्य ÷शांति प्रबंधन÷ की ओर बढ़ रहा है। इस प्रक्रिया में, बाहरी ताकतों के दखल से सावधान रहने की सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। अपने भू-राजनीतिक हितों के कारण, इस क्षेत्र के बाहर की कुछ ताकतें चीन और भारत के बीच लगातार फूट डालने और टकराव भड़काने की कोशिश करती रहती हैं, ताकि उन्हें एकतरफ़ा रणनीतिक फ़ायदा मिल सके।

इस तरह की कार्रवाइयां न तो चीन और भारत के हित में हैं और न ही पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिए। प्रमुख शक्तियों के रूप में, चीन और भारत के पास बातचीत और संचार के माध्यम से ऐतिहासिक मुद्दों को उचित रूप से हल करने के लिए राजनीतिक ज्ञान और राजनयिक अनुभव है; उन्हें किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप या उंगली उठाने की आवश्यकता नहीं है, और वे निश्चित रूप से द्विपक्षीय संबंधों के सामान्य माहौल को बाधित करने के लिए इन मुद्दों का फायदा उठाने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# लखपति दीदी बनाने में मददगार बन रही छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना

धनंजय राठौर

**रायपुर। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली 1,000 रुपये की मासिक राशि छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाओं के लिए घर-गृहस्थी में मदद से कहीं ज्यादा साबित हो रही है। यह राशि कर्ज, स्वयं सहायता समूहों और आजीविका के अवसरों के साथ मिलकर महिलाओं की आय का स्थायी जरिया बन रही है। महतारी वंदन योजना राज्य की सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है, जिसमें लगभग 68 लाख महिला लाभार्थी शामिल हैं। इस योजना के तहत लाभार्थियों को अब तक 31 किस्तों में 20,075.38 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। इस साल राज्य के बजट में इस योजना के लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।**




इसी योजना की पूरक महतारी शक्ति ऋण योजना के तहत नवंबर 2024 से अब तक लगभग 41,124 लाभार्थियों ने 102.38 करोड़ रुपये के बिना गारंटी वाले स्वरोजगार ऋण का लाभ उठाया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा, ''इस योजना के तहत मिलने वाले लोन से सब्जी बेचने, कारीगरी और दूसरे छोटे-मोटे काम करने वाली महिलाओं को अपना कारोबार बढ़ाने और घर की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलती है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लखपति दीदी' के विजन को साकार करने में भी मदद मिल रही है।''

### इनकी कहानियां बनीं मिसाल

**रानू कैवर्त, आंदी गांव, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही**

सिलाई, कपड़े और किराने के कारोबार के साथ-साथ बटेर और देसी मुर्गी पालन एवं हैचरी का काम करके सालाना 3 लाख रुपये की आमदनी।

**सीता मरावी, गुडुमदेवारी**

किराने की दुकान के लिए बैंक से 25 हजार और मुर्गी पालन के लिए स्वयं सहायता समूह से 50 हजार रुपये का लोन लेकर सालाना कमाई 2.5 लाख रुपये तक पहुंचाई।

**सुमन लता वाकरे, गुडुमदेवारी**

स्वयं सहायता समूह से 15 हजार रुपये लेकर किराने की दुकान शुरू की, बाद में बैंक लोन से विस्तार किया। अब सालाना 1 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई।

**केजू बाई सलामे, रामगढ़, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी**

महतारी वंदन के हर महीने मिलने वाले 1,000 रुपये का इस्तेमाल किराने के सामान का स्टॉक भरने में करती हैं, जिससे बिक्री बढ़ी और वे लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

### 13.85 लाख महिलाएं बनीं लखपति दीदी

10 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल मौजूदगी में शुरू हुई महतारी वंदन योजना ने लखपति दीदी के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई है। प्रदेश में स्वयं-सहायता समूहों की 13.85 लाख महिला सदस्य पहले ही लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा लखपति दीदी भ्रमण योजना के तहत भी बजटीय प्रावधान किया गया है, ताकि लखपति दीदियां देश भर के व्यापारिक और आर्थिक केंद्रों के साथ-साथ प्रमुख शक्तिपीठों का भी दौरा कर सकें।

संयुक्त संचालक जनसंपर्क रायपुर

## संकोच



गजेन्द्र बख्शी

यही विडंबना है कि जब से लिखने के लिए कलम थामने की कोशिश की, तभी से अनजाने में स्वयं को समाज के सामने बेनकाब करता रहा हूँ। लिखना मेरे लिए केवल शब्दों को कागज पर उतारना नहीं रहा, बल्कि अपने भीतर छिपे भावों, विचारों और कमजोरियों को भी लोगों के सामने रखने जैसा रहा है।

अब तक की अपनी रचनाओं में मैं कभी विनम्र तो कभी साहसी पात्र बनने का प्रयास करता रहा, लेकिन भीतर कहीं एक संकोची प्राणी लगातार मेरे साथ चलता रहा। अपने भावों को निर्भीकता से प्रकट करने का साहस कई बार चाहकर भी नहीं जुटा पाया। विचारों को अभिव्यक्त करने की अदम्य शक्ति का अभाव अक्सर मुझ पर हावी रहा है। मन में बहुत कुछ उमड़ता-घुमड़ता रहा, लेकिन उसे शब्दों का रूप देने के क्षण में कहीं न कहीं संकोच आकर खड़ा हो गया।

मुझसे बड़े पाँच भाइयों के सामने अपनी लिखी हुई रचना रखना आज भी मेरे लिए सहज नहीं है। मन भयाक्रांत हो जाता है। उनकी विद्वता, अनुभव और क्षमता से मैं भली-भाँति परिचित हूँ। बचपन से ही उनके सामने स्वयं को छोटा महसूस करता रहा हूँ। जितनी डाँट शिक्षक से नहीं पड़ी, उससे कहीं अधिक अग्रजों से मिली। वह डाँट उस समय भले ही कठोर लगती थी, लेकिन आज पीछे मुड़कर देखता हूँ तो उसमें सीख, अनुशासन और मेरे प्रति उनका अधिकार दिखाई देता है।

विज्ञजनों के बीच बैठना भी मेरे लिए हमेशा एक परीक्षा जैसा रहा है। वहाँ बोलने से पहले कई बार सोचना पड़ता है कि मेरे शब्द कितने सार्थक हैं, मेरे विचार कितने परिपक्व हैं और मेरी अभिव्यक्ति कहीं किसी कमी को तो उजागर नहीं कर देगी। उनकी बातों को सुनते हुए मन में अपने शब्दों को तौलने लगता हूँ। कई बार विचार होते हुए भी उन्हें व्यक्त करने का साहस नहीं कर पाता। लगता है, कहीं मेरी बात अपरिपक्व न समझ ली जाए।

यही संकोच मेरी लेखनी में भी उतर आया है। मैं दूसरों के सामने अपने विचार रखने से पहले स्वयं ही उनका आलोचक बन जाता हूँ। शब्द लिखता हूँ और फिर उन्हें काटता हूँ,भाव व्यक्त करता हूँ और फिर संदेह करने लगता हूँ। कभी लगता है कि जो कहना चाहता था, वह कह नहीं पाया, और कभी यह भय सताता है कि जो कह दिया, वह अधिक तो नहीं कह दिया।

**फिर भी कलम रुकती नहीं।**

लेखन का अर्थ ही यही है,अपने भीतर के संकोच से धीरे-धीरे बाहर आना। अपनी कमियों को स्वीकार करते हुए भी शब्दों पर विश्वास करना। अब यह समझने लगा हूँ कि विद्वानों के बीच अपनी बात रखना विद्वता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि सीखने का अवसर है। आलोचना से डरकर मौन रह जाना आसान है, लेकिन अपनी बात कहने का साहस जुटाना ही लेखन की पहली सीढ़ी है।

संकोच अभी भी है, पर अब उसके साथ संवाद करना सीख रहा हूँ। ''एक दिन यह कलम उस भय से मुक्त होकर वही लिख सकेगी, जो मन सचमुच कहना चाहता है''।

अधिवक्ता (राजनांदगांव )

## बच्चों में क्यों बढ़ रही फैटी लिवर की समस्या, क्या है इसके पीछे की असल वजह ?



फैटी लिवर की समस्या आज के समय में बेहद आम हो चुकी है। सिर्फ यंगस्टर्स ही नहीं बल्कि बच्चे भी कम उम्र में इस समस्या से परेशान हैं। ऐसे में फोर्टिस के डॉक्टर ने बताया है इसके पीछे का असल कारण क्या है।

बच्चों में फैटी लिवर की समस्या अब तेजी से सामने आ रही है और इसका सबसे बड़ा कारण बदलती लाइफस्टाइल है। पहले फैटी लिवर को आम तौर पर वयस्कों की समस्या माना जाता था, लेकिन आज कम उम्र के बच्चों में भी इसके मामले देखे जा रहे हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि बच्चों में फैटी लिवर की समस्या क्यों बढ़ते जा रही है। डॉ. रमेश गर्ग, सीनियर डायरेक्टर और ह्छ, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, फ़ोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग़ बता रहे हैं कि बच्चों में क्यों फैटी लिवर के मामले बढ़ते जा रहे हैं। चलिए जानते हैं।

### क्या कहते हैं डॉक्टर

बच्चों में फैटी लिवर का प्रमुख कारण अधिक वजन और मोटापा है। जब बच्चे की डाइट में लगातार ज्यादा कैलोरी, चीनी और रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट शामिल होते हैं और फिजिकल एक्टिविटी कम होती है, तो शरीर में एक्स्ट्रा फैट जमा होने लगता है। इसका असर लिवर पर भी पड़ता है और लिवर सेल्स में अतिरिक्त चर्बी जमा हो सकती है। जंक फूड, पैकेज्ड स्नैक्स, मीठे पेय पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक्स, ज्यादा चीनी वाली चीजें और बार-बार बाहर का खाना इस समस्या का खतरा बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही मोबाइल, टीवी और वीडियो गेम के कारण बच्चों का स्क्रीन टाइम बढ़ना और खेलकूद या आउटडोर एक्टिविटी कम होना भी एक महत्वपूर्ण कारण है। कुछ बच्चों में जेनेटिक कारणों की वजह से भी ये समस्या होती है।

### फैटी लिवर के लक्षण

शुरुआती फैटी लिवर में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते। कुछ बच्चों में थकान, पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में हल्की परेशानी या वजन बढ़ने जैसी समस्याएं दिखाई दे सकती हैं। लेकिन केवल लक्षणों के आधार पर इसका पता लगाना मुश्किल है। यह समझना जरूरी है कि हर मोटे बच्चे को फैटी लिवर नहीं होता और हर फैटी लिवर वाला बच्चा मोटा हो, यह भी जरूरी नहीं है। लेकिन ज्यादा वजन, पेट के आसपास ज्यादा चर्बी और खराब खान-पान वाले बच्चों में इसका जोखिम ज्यादा रहता है।

### बचाव के तरीके

फैटी लिवर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है बच्चों को घर का खाना दें, मीठे और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों का सेवन कराने से बचाएं। रोजाना फिजिकल एक्टिविटी करें और स्क्रीन टाइम कम करें। यदि बच्चे का वजन तेजी से बढ़ रहा है या डॉक्टर को फैटी लिवर का संदेह है, तो समय पर जांच और इलाज कराना महत्वपूर्ण है। अच्छी बात यह है कि शुरुआती चरण में लाइफस्टाइल में सही बदलाव से लिवर में जमा अतिरिक्त फैट को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## सामायिक चर्चा

### बस भी होगी परबस

खबर पढ़कर, बानी बोले- ''गजाधर! सुनिए!
चर्चा सकारात्मक,
21 सितम्बर से नहीं थमेंगे बस के पहिए।
बस किराया बढ़ेगा।
जिसका असर
हम जनता बस यात्रियों पर पड़ेगा।
खबर कहती है -
जिले सहित प्रदेश के बस संचालकों की
21 सितम्बर से होने वाली हड़ताल
स्थगित हो सकती है।
प्रदेश संगठन और मुख्यमंत्री
विष्णुदेव साय से रायपुर में
विगत दिवस हुई सकारात्मक चर्चा के बाद
बस संचालकों की मांग
पूरी होने की उम्मीद बढ़ गई है।
गजाधर! रोज बस की यात्रा करने वाले
बनवारी की मन-बुद्धि अब
चिन्ता में पड़ गई है!
गजाधर! बस किराया बढ़ने पर
आपके मन में कौन सही बात आएगी ?''
सूखी हँसी हँसकर, बोले गजाधर -
''अभी तक तो बानी! महंगाई के कारण
हमारी जिन्दगी हो गई है 'पर बस।
अब बस किराया बढ़ने से
बस भी परबस हो जाएगी !''
रविवार, 20 सितम्बर 2026



गिरीश बख्शी

## कविता

### // धूप के टुकड़े //

पूरब दिशि में,
अरुणिमा के उतरते ही
कंधे पर कुदाल/फावड़ा रख
निकला मैं खेत मरम्मत करने को,
तब खेल रहे थे मुझ पर
सुखद-सुहानी सुबह की
स्वर्णिम रश्मियों से भरे धूप के टुकड़े।
मेरी घरवाली सोनकुँवर थी मेरे पीछे,
फिर वही सुहानी धूप का एक टुकड़ा
उतर आया उसके जउँहे पर,
जैसे सिंकाती चुल्हे की धीमी आँच पर
एक अंगाकर रोटी।
रिक्त नील व्योम से
तप्त सूरज ने रखा
अपना बदन मेरी देह पर,
मिट्टी फेंककर लौटती सोनकुँवर ने
उतारा अपना जउँहा सर से,
हम दोनों ने देखे जउँहे के छेद से
चमकते स्वेद वाले धूप के कुछ टुकड़े
एक-दूसरे के चेहरे पर।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आप तरक्की की नई ऊंचाइयों को छुएंगे और दुनिया भर में आपका नाम होगा। आज आपको व्यापार में किसी व्यक्ति से बड़ा धन लाभ कमाने का अवसर प्राप्त होगा। आज घर में फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है , जिसकी वजह से काम थोड़ा सा विलंब हो सकता है। रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यापारिक मामलों में किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशविरा कर सकते हैं। इस राशि के छात्र अपने कॉम्पटीशन की तैयारी को जारी रखें , बहुत जल्द ही आपको सकारात्मक परिणाम हासिल होंगे। आज आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।




**मिथुन**

आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज का दिन आप अपने तरीके से बिताने की कोशिश करेंगे और आज आपका काम में भी मन लगेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं , जिससे आपके व्यापार को ग्रोथ मिलेगी। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपके सिर से बोझ हल्का होगा। आज आप दोस्तों के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हैं।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में आगे बढ़ने के बेहतरीन मौके मिलेंगे और आपकी आय में इजाफा होगा। आज आप कुछ वक्त बच्चों के साथ गुजारेंगे , आपको खुशी मिलेगी और आपका माइंड भी फ्रेश फील करेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं। रिश्तेदार के आने की खुशी में अच्छे पकवान बनाएंगी।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको तमाम उलझनों से मुक्ति मिलेगी और आज आपके परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना भी बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आज आप किसी योजना के ऊपर फिर से काम शुरू कर सकते हैं , जिसमें आपको दोस्तों से मदद मिलेगी। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा ।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए उत्तम साबित होगा। आज आप सबसे पहले पेंडिंग कार्यों को पूरा करेंगे , उसके बाद ही किसी अन्य कार्य की योजना बनायेंगे। आज आपको ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के जो व्यक्ति मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है , आपको प्रमोशन मिलने की संभावना बनती दिख रही है।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगे और आपकी भौतिक सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आपको राजनीतिक रिश्तों का बड़ा फायदा होगा , कोई अटका हुआ कार्य आपका पूरा हो जायेगा। इस राशि के राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे समाज के द्वारा खूब पसंद किया जायेगा। आज आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक जगह पर जा सकते हैं।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने से पहले उसकी पूरी जानकारी इकट्ठा कर लें। आज आपकी मेहनत और लगन देखकर जूनियर भी आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। आज आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए इससे आप स्वास्थ्य समस्या से दूर रहेंगे। आज आप किसी भी व्यक्ति पर आंख बंद करके भरोसा न करें।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप आपको धन लाभ कमाने के कई बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ लेकर आप अपने जीवन में तरक्की कर सकते हैं। आज आप दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में जायेंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ मस्ती करने का मौका मिलेगा। इस राशि की महिलाएं आज अपने इंटरेस्ट के हिसाब से किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आप मन लगाकर काम करेंगे , जिसके आपको अच्छे रिजल्ट्स मिलेंगे। आज आप जीवन साथी के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। आप टाइम से घर जा सकें। आज आप स्वास्थ्य की समस्याओं को लेकर सतर्क रहें और डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप व्यापार के लंबित मामलों को किसी करीबी की मदद से सुलझाने में सक्षम रहेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा और आपसी रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगें , समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं , जिससे घर आकर्षक और सुंदर लगेगा। इस राशि के रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे व्यक्ति आज हाउसिंग प्रोजेक्ट को लॉन्च कर सकते हैं ।

## शब्द सामर्थ्य -166

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हक्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. मृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुमचात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ | | र | श्मि |
| ब | धा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्थ | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# दीये जलाने के नाम पर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये खर्च करना क्या जरूरी था : लोकनाथ भारती

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत प्रदेशभर में हुए व्यापक दीप प्रज्वलन कार्यक्रमों को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री लोकनाथ भारती ने तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इस आयोजन के नाम पर सरकारी तंत्र और जनता की गाढ़ी कमाई के धन का बेजा इस्तेमाल किया गया है।

भारती ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अकेले राजनांदगांव में ही एक लाख से अधिक दीप जलाने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब देश और प्रदेश की जनता कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, तब मुख्यमंत्री निवास से लेकर विभिन्न सरकारी महकमों तक दीप, तेल और तामझाम पर करोड़ों रुपये बहाना कहां तक जायज है? रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, बिजली बिल और किसानों की खाद-कीटनाशकों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। ऐसे में सरकार को उन गरीब परिवारों की सुध लेनी चाहिए थी, जहां आज भी बुनियादी सुविधाओं और आजीविका का अभाव है।

**सेवा संकल्प अभियान पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल, कहा— बेरोजगारों, किसानों और विस्थापितों के घरों में जलाएं उम्मीद का दिया**



**○ महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही जनता, आयोजनों की जगह बुनियादी समस्याओं के समाधान पर ध्यान दे सरकार**

### बेरोजगार युवाओं के घरों में जलाएं नौकरी का दिया

लोकनाथ भारती ने शिक्षित बेरोजगारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि डी.एड., बी.एड. और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों अभ्यर्थी वर्षों से सरकारी भर्तियों की राह देख रहे हैं। सरकार को केवल आयोजनों तक सीमित रहने के बजाय इन युवाओं के घरों में रोजगार और नियुक्ति का दिया जलाना चाहिए, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

### नकट्टी गांव के विस्थापितों को मिले न्याय

कांग्रेस नेता ने नकट्टी गांव के विस्थापित परिवारों की व्यथा साझा करते हुए कहा कि सैकड़ों परिवारों को बेघर होना पड़ा है। शासन-प्रशासन को इन विस्थापितों के पुनर्वास और पक्के आवास की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि उनके जीवन में भी सम्मान और सुरक्षा की रोशनी आ सके। अंत में तंज कसते हुए भारती ने कहा कि फिजूलखर्ची वाले उत्सवों की जगह सरकार जनता की वास्तविक समस्याओं का निराकरण करे। साथ ही, एक दीया मुख्यमंत्री, मंत्रियों और सत्ताधारी नेताओं की सद्बुद्धि के लिए भी जलाया जाना चाहिए, ताकि वे जनहित में सही निर्णय ले सकें।

# नमो सेवा संकल्प अभियान के तहत भर्रीटोला में नुक्कड़ नाटक का मंचन



मोहला (दावा)। जिले में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नमो सेवा अनकही कहानियां, संगीतमय नाटक की प्रस्तुति की जा रही है। अभियान अंतर्गत मानपुर विकासखंड के ग्राम भर्रीटोला में नुक्कड़ नाटक का सफल मंचन किया गया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक सशक्तिकरण एवं जनसेवा से जुड़े विषयों के प्रति जागरूक करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संदेश देना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा भाव, जनकल्याण और सुशासन से जुड़े संदेशों को प्रभावी एवं जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सामाजिक सशक्तिकरण के विषयों को सरल और रोचक तरीके से ग्रामीणों के समक्ष रखा। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को अपने अधिकारों तथा शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया और लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। ग्राम भर्रीटोला के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नुक्कड़ नाटक का आनंद लिया तथा सेवा, जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता से जुड़े अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से 'सेवा का संदेश अंतिम व्यक्ति तक' पहुंचाने और ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

**सेवा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक**

# छुरिया ब्लॉक उपसरपंच संघ की नई कार्यकारिणी घोषित : चित्रांगन साहू बने अध्यक्ष, यशोदा वैष्णव व मंगल राम साहू उपाध्यक्ष



छुरिया (दावा)। छुरिया ब्लॉक उपसरपंच संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन रविवार 20 सितंबर को गैंदाटोला स्थित साहू सदन में सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों से लगभग 60 उपसरपंचों ने भाग लिया और संगठन की मजबूती तथा पंचायती राज में उपसरपंचों की सक्रिय भूमिका पर मंथन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष मनोज शुक्लेल की अनुशंसा पर जिला उपसरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश साहू (खपरी कला), उपाध्यक्ष शैलेन्द्री सिन्हा (दैहान), सचिव आशीष साहू (ककरेल) एवं संरक्षक श्यामलाल साहू (ईरइकला) के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर उपसरपंचों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायतों के विकास में उपसरपंचों की जिम्मेदारियों, उनके अधिकारों तथा स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं के सामूहिक समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार, ग्राम जोशीलमती के उपसरपंच चित्रांगन साहू को छुरिया ब्लॉक उपसरपंच संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं धनगांव की यशोदा वैष्णव को महिला उपाध्यक्ष तथा भंडारपुर के मंगल राम साहू को पुरुष उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

**○ गैंदाटोला के साहू सदन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से हुआ पदाधिकारियों का चुनाव**
**○ ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों से पहुंचे 60 से अधिक उपसरपंच, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा**

### कार्यकारिणी में इन्हें मिली प्रमुख जिम्मेदारियां

घोषित कार्यकारिणी में छबिलाल भूआर्य (भंडारी भरदा) को सचिव, शत्रुहन लाल साहू (बननवागांव) को उपाध्यक्ष, संतोष कुमार धनगावी (पांडेटोला) को सहसचिव, पीतांबर राम कंवर (नागरकोहरा) को संरक्षक, संजय सिन्हा (नादियाखुर्द) को कोषाध्यक्ष, सरिता मानिकपुरी (कोलियालमती) को सहकोषाध्यक्ष, सकीला कंवर (महराजपुर) को महासचिव तथा चिंताराम देवांगन को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में अर्जुन राम साहू, शालिक राम साहू, कोमल राम साहू, कामता प्रसाद साहू, बीर सिंह पटेल, तोरण लाल साहू, रूपराम भंडारी, हीरामन कोर्राम, बरातूराम कंवर, खोरबाहरा नेताम, विजय कुमार साहू, अजय कुमार मंडावी, संवल दास जोशी, होमिन बाई निषाद, उषा मेश्राम, पूर्णिमा बाई, इंदु देवांगन, मालती बाई, नीलम कोर्राम, कुमारी बाई, मिलन दास साहू, गौतरिहा राम चंद्रवंशी, पेमिन बाई मंडावी एवं डरेंद्र कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य उपसरपंच उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# शाला प्रबंधन समिति गोटूलमुंडा ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत बच्चों को कराया

**○ बड़ा, पूरी, चावल-दाल और स्वादिष्ट सब्जी पाकर खिले बच्चों के चेहरे**
**○ सामुदायिक सहभागिता और पोषण को बढ़ावा देने की सराहनीय पहल**



मोहला (दावा)। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत शाला प्रबंधन समिति गोटूलमुंडा के सौजन्य से स्थानीय विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विशेष 'न्योता भोज' (नेवता भोज) का गरिमामय आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में बेहतर पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यालय परिसर में अपनत्व व आत्मीय वातावरण निर्मित करना था। न्योता भोज के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अत्यंत आदर और स्नेह के साथ भोजन परोसा गया।

मीनू में बच्चों की पसंद का विशेष ध्यान रखते हुए बड़ा, पूरी, चावल, दाल और स्वादिष्ट मौसमी सब्जी शामिल की गई। अपनी मनपसंद का सुरुचिपूर्ण भोजन पाकर नन्हें-मुन्ने बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी विद्यार्थियों ने पंक्तिबद्ध होकर बड़े उत्साह के साथ सामूहिक भोजन का आनंद लिया।

### समुदाय और विद्यालय का जुड़ाव मजबूत करना उद्देश्य

शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' का मूल ध्येय समाज और समुदाय को सीधे विद्यालय से जोड़ना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाना है। सामूहिक भोज जैसे आयोजनों से बच्चों में परस्पर सामंजस्य, सामाजिकता, समानता और मिल-जुलकर भोजन करने की स्वस्थ भावना सुदृढ़ होती है।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती कुंती यादव, उपसरपंच श्रीमती मंजुलता कुंजम, प्रधानपाठक दिनेश सहारे तथा सहायक शिक्षक मक्खन लाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों एवं शिक्षकों ने बच्चों के बीच उपस्थित रहकर व्यवस्था संभाली और उन्हें भोजन परोसा। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं ने शाला प्रबंधन समिति गोटूलमुंडा व जनप्रतिनिधियों के प्रति इस आत्मीय प्रयास व स्नेहपूर्ण आयोजन के लिए आभार जताया।

# कौडूटोला में 125 साल से अखंड राम नाम संकीर्तन, 19 से 20 सितंबर तक जारी रामसप्ताह संपन्न



मोहला (दावा)। ग्राम कौडूटोला में 125 वर्षों से चली आ रही रामसप्ताह की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के तहत 19 सितंबर से 20 सितंबर तक आयोजन किया गया। समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित इस रामसप्ताह में शनिवार शाम 4 बजे से रविवार शाम 4 बजे तक विभिन्न राम नाम मंडलियों द्वारा लगातार 24 घंटे राम नाम संकीर्तन किया जा रहा है। इसके बाद विसर्जन एवं समापन की तैयारियां की जाएंगी।

रामसप्ताह के दौरान ईनद्वा कुमार टेमुणे द्वारा कथा प्रसंग के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया गया। उन्होंने राम, लक्ष्मण एवं माता सीता के वनवास सहित विभिन्न प्राचीन धार्मिक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उपस्थित जनमानस को धर्म, मर्यादा और सदाचार का संदेश दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत कथा का ग्रामवासियों ने श्रद्धापूर्वक श्रवण किया और इस धार्मिक सेवा के लिए उन्हें साधुवाद दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पटेल मानिक राम मारगाये, रामदास साहू, चूनूराम साहू, बेनी प्रसाद साहू, गौरीशंकर गुरले, महेतर राम लाउत्रे, काशीराम अंबादे, ज्ञानेश्वर साहू, दिनेश्वर साहू, खेमचंद साहू, डॉ. गयादास साहू, मोरध्वज मारगाये, किशनलाल बनसोड़, सहदेव राम कुंजाम, अशोक कुमार साकरे, चिंताराम बनसोड़, दशरथ साहू, पुरण साहू, श्यामलाल लाउत्रे एवं ग्राम कोटवार उदय राम साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामवासियों ने बताया कि रामसप्ताह ग्राम की 125 वर्ष पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा है। जिसे सभी के सामूहिक सहयोग से निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# आज चिल्हाटी में दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी का आयोजन

अंबागढ़ चौकी (दावा)। नवयुवक गणेश उत्सव समिति चिल्हाटी एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी का आयोजन 21 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन रात 9 बजे हाईस्कूल मैदान ग्राम चिल्हाटी में होगा। आयोजकों के अनुसार झांकी में पटपर (डोंगरगढ़) की नवरत्न जस झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल होंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम.डी. ठाकुर, उपाध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति आयोग होंगे। अध्यक्षता डिंपल मंडावी, सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटी करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में दिलीप वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष, लल्की भाटिया, शांतिबाई त्रिपुरे, पुनऊराम फुलकोरे, श्यामलाल चंद्रवंशी, आशीष द्विवेदी, अम्बर जोशी, देवनारायण, राजू गुजराती, राजेश सिंघी, चंदन उपाध्याय, विमल यादव, मनोज सहारे, नेहरू रजक, अरुण यादव, अनुज साहू, रमेश सोरी, कोमल नेताम, संजय मरावी सहित अन्य लोग शामिल होंगे। आयोजक नवयुवक गणेश उत्सव समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होकर झांकी एवं धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

# ग्रामीण विकास को मिली नई रफ्तार : विधायक इंद्रशाह मंडावी ने दी विकास कार्यों की सौगात



मोहला (दावा)। क्षेत्र में ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से विधायक इंद्रशाह मंडावी की पहल से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इस दौरान ग्राम शेरपार में 7.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया गया। वहीं ग्राम बीटेझर में 35.74 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बाजार शेड का भूमिपूजन करने के साथ ही यहां निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का भी लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना और ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है।

यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण से राहगीरों एवं यात्रियों को सुविधा मिलेगी। जबकि बाजार शेड बनने से ग्रामीणों, व्यापारियों और स्थानीय व्यवसाय से जुड़े लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक ने कहा कि विकास का लाभ गांव के अंतिम छोर तक पहुंचना चाहिए।

क्षेत्र के प्रत्येक गांव की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सड़क, बाजार, यात्री सुविधा सहित विभिन्न जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात मिलने पर विधायक इंद्रशाह मंडावी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार देवांगन राज्यपाल के हाथों हुए सम्मानित

**(राजेश मेश्राम)**



जोंधरा (दावा)। राजधानी रायपुर के लोकभवन में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले के शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ के प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार देवांगन को राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचारों और बच्चों के भविष्य को संवारने में दिए गए विशेष योगदान के लिए दिया गया है। लोकभवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदेश के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में उन्हें प्रशस्ति पत्र, शॉल और सम्मान निधि सौंपकर सम्मानित किया गया। योगेंद्र देवांगन 29 अप्रैल 2006 से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं भौतिक प्रगति, विद्यालय अनुशासन तथा नवाचारी शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जन सहभागिता से विद्यालय में आवश्यक संसाधन जुटाना,स्मार्ट एवं प्रिंटरिच कक्षा कक्ष विकसित करने तथा हरित विद्यालय के निर्माण के लिए भी उन्होंने उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।

विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के साथ-साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की। जिसके माध्यम से अनेक विद्यार्थियों का उत्कृष्ट विद्यालयों में चयन हुआस शिक्षक- पालक-बालक की सहभागिता से दोनों ही विद्यालयों में गणवेश, पुस्तकालय, ग्रीन बोर्ड, खेल मैदान, किचन गार्डन एवं अन्य सुविधाओं का विकास किया। शैक्षणिक भ्रमण, वृक्षारोपण, न्योता-भोज, रक्तदान एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की सहायता के माध्यम से वे शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों को भी निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। योगेंद्र कुमार देवांगन को संकुल, विकासखंड, जिला एवं सामाजिक स्तर पर विभिन्न सम्मानों के साथ 70 में गणतंत्र दिवस पर सम्मान, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण तथा वर्ष 2023 में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान प्राप्त हुआ है। सउनका समर्पण जनसहभागिता पर आधारित कार्य शैली और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें एक प्रेरणादाई एवं अनुकरणीय शिक्षण के रूप में स्थापित करती है।

### शिक्षा में नवाचार के लिए मिली पहचान

योगेंद्र कुमार देवांगन ने नक्सल प्रभावित और वनांचल क्षेत्र के स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कई अनूठे प्रयास किए हैं। योगेंद्र देवांगन को राज्य स्तर पर मिले इस सर्वोच्च शिक्षक सम्मान से मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले के शिक्षा विभाग सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में भारी हर्ष का माहौल है। साथी शिक्षकों और शुभचिंतकों ने इसे पूरे वनांचल क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

# सेक्टर स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता : डोंगरगढ़ महाविद्यालय बना चैंपियन, लाल बहादुर नगर उपविजेता



अंबागढ़ चौकी (दावा)। स्थानीय शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेक्टर स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजनांदगांव सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 18 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और उच्च खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव और शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के बीच खेला गया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शासकीय महाविद्यालय, घुमका एवं शासकीय महाविद्यालय, लाल बहादुर नगर के मध्य हुआ। दोनों ही मैचों में कड़े संघर्ष के बाद शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगढ़ और शासकीय महाविद्यालय, लाल बहादुर नगर ने फाइनल में प्रवेश किया।

### फाइनल में डोंगरगढ़ का दबदबा

खिताब के लिए हुआ फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। शानदार तालमेल और आक्रामक खेल के दम पर शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगढ़ ने विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि शासकीय महाविद्यालय, लाल बहादुर नगर उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब डोंगरगढ़ के जसमीत सिंह बग्गा को दिया गया। मैचों में निर्णायक की भूमिका हमीर चंद, ललित नेताम, गौरव सोनी एवं पवित्र साहू ने निभाई।

### दंतेवाड़ा में प्रस्तावित राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मोरध्वज सोनवानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी स्पर्धा के लिए किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 व 27 सितंबर को दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में आयोजित होगी।

उद्घाटन अवसर पर मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जनपद पंचायत एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पुनऊराम फुलकंवरे, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सरस्वत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद ईश्वरी धुर्वे व गुलाब गोस्वामी उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न महाविद्यालयों से आए कोच-मैनेजर, वरिष्ठ खेल अधिकारी परेश वर्मा, अरुण चौधरी, मुन्नालाल नंदेश्वर, अनीता पोषार्य व खेलन प्रसाद मोहले विशेष रूप से मौजूद रहे। नगर पंचायत द्वारा पेयजल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.आर. मंडावी के मार्गदर्शन में आयोजित इस स्पर्धा को सफल बनाने में जे.आर. परतेती, डॉ. एन.के. कुर्रे, ए.एल. चंद्रभाष, सुमित्रा सोनवानी, अंजलि कुंजाम, डॉ. ममता कोशरिया, शरद लाटा, हिरेंद्र कश्यप, कौशल प्रसाद, तुशांत निषाद, किशन निषाद, देवेंद्र यादव एवं कमलकांत यादव सहित समस्त स्टाफ का सक्रिय सहयोग रहा।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया, दीपिका ने 8 गोल किए



काकामिगाहारा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को गिफू प्रीफेचुरल ग्रीन स्टेडियम में अपने पूल बी के पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 19-0 से रौंदकर एशियन गेम्स 2026 में अपने सफर की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। भारतीय टीम की जीत में सबसे बड़ी स्टार बनकर दीपिका उभरीं। दीपिका ने 8 गोल किए। इसके अलावा, इशिका ने 3, लालथंतलुआंगी और नेहा ने 2-2 गोल किए। बलजीत कौर, नवनीत कौर, लालरेमसियामी और साक्षी राणा ने 1-1 गोल किया। दीपिका की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला टीम ने जोरदार प्रदर्शन किया, और हाफ-टाइम तक वे उज्बेकिस्तान के खिलाफ 8-0 से आगे थीं। ब्रेक के बाद, भारत उज्बेकिस्तान को गोल करने का कोई मौका नहीं देने के मूड में नहीं लग रहा था, और दीपिका एक बार फिर अपने सबसे अच्छे फॉर्म में थीं, उन्होंने लगातार चार गोल करके भारत की बढ़त को 13-0 कर दिया।

फिर इशिका, ललथंतलुआंगी, साक्षी और नवनीत भी टीम में शामिल हुईं, उन्होंने उज्बेकिस्तान की सारी उम्मीदें खत्म कर दीं और 19-0 से जबरदस्त जीत हासिल करके अपने कैंपेन की शानदार शुरुआत की।उज्बेकिस्तान के साथ यह मुकाबला सविता पुनिया का 320वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था। वह वंदना कटारिया के साथ सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी बन गईं। बलजीत के करियर का यह 50वां मुकाबला था। भारतीय महिलाएं एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप 2026 में ऐतिहासिक पांचवें स्थान पर रहने के बाद काफी जोश के साथ एशियन गेम्स में पहुंचीं हैं। कप्तान सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम 2023 एशियन गेम्स में जीते कांस्य पदक को स्वर्ण पदक में बदलने की कोशिश करेगी।

# एशियन गेम्स : श्रीलंका ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया







निशिन । कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए एशियन गेम्स 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। श्रीलंकी कप्तान चमारी अथापट्टू जीत की हीरो रहीं। श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज शावाल जुल्फिकार ने 50 गेंदों पर 2 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 54 रन की पारी खेली। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी आयशा जफर ने तूफानी अर्धशतक लगाया। आयशा 40 गेंदों पर 2 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 71 रन बनाकर रन आउट हुईं। आयशा के रन आउट होने से पाकिस्तान का निश्चित रूप से कुछ रन पीछे रह गया। कप्तान फातिमा सना ने 12 गेंदों पर नाबाद 20 और सायरा जबीन ने 14 गेंदों पर 17 रन बनाए थे। श्रीलंका के लिए सुगंदिका कुमारी, कप्तान अथापट्टू और काव्या काविंदी ने 1-1 विकेट लिए।

श्रीलंका ने 178 रन का लक्ष्य 17.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और 8 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। श्रीलंका को इमेशा दुलानी और कप्तान चमारी अथापट्टू ने मजबूत शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 4.4 ओवर में 36 रन जोड़े। दुलानी 21 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुईं। चमारी ने दूसरे विकेट के लिए हसीनी परेरा के साथ 95 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने ही पाकिस्तान की जीत की मंसूबों पर पानी फेर दी। 131 के स्कोर पर परेरा 42 रन बनाकर आउट हुईं। 26 गेंदों की पारी में परेरा ने 3 चौके और 3 छक्के लगाए।

# मुझे जसपाल राणा सर की बहुत याद आई



एशियन गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी के बाद भावुक हुई मनु भाकर

नागोया। डबल ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने एशियन गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में भारतीय दल की अगुवाई करते हुए झंडा थामने को एक भावुक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि इस खास मौके पर उन्हें अपने दिवंगत कोच और मेंटर जसपाल राणा की बहुत याद आई। शनिवार को मिज़ुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में ओपनिंग सेरेमनी के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में भाकर ने 'आईएएनएस' से कहा, यह भावुक पल था। मुझे जसपाल राणा सर की बहुत याद आई। नागोया में आधिकारिक तौर पर शुरू हुए एशियन गेम्स में भाकर ने कबड्डी स्टार पवन सहरावत के साथ भारतीय दल की अगुवाई की। दोनों ने एथलीटों की परेड के दौरान भारत का तिरंगा थामा, जो भारतीय दल के लिए एक यादगार पल था। हालांकि, भाकर के लिए यह मौका राणा की यादें भी ताजा कर गया, जिन्होंने उनके करियर में अहम भूमिका निभाई थी और टोक्यो 2020 ओलंपिक की निराशा के बाद उन्हें अपनी फॉर्म वापस पाने में मदद की थी। मनु भाकर के कोच राणा, जिनका 11 जून, 2026 को 49 साल की उम्र में स्टेंट प्रक्रिया के बाद हुई दिक्कतों के कारण निधन हो गया था, उनके लिए सिर्फ एक मेंटर से कहीं बढ़कर थे। वे एक गाइड और दोस्त थे जिन्होंने खेल के उच्चतम स्तर पर उनकी वापसी में अहम भूमिका निभाई थी।

उनकी देखरेख में भाकर ने टोक्यो ओलंपिक के बाद अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल किया और 2024 में हुए पेरिस ओलंपिक गेम्स में इतिहास रचते हुए दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। राणा की मौत के बाद, भाकर ने सोशल मीडिया पर अपना दुख जाहिर किया था और इस नुकसान को कभी न हो पाने वाली भरपाई बताया था ट्रेनिंग कैंप के लिए देहरादून में रहने के दौरान उन्होंने राणा के घर और एकेडमी जाकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी थी। एशियन गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी मनु भाकर के लिए और भी खास थी, क्योंकि वह इस महाद्वीपीय इवेंट के अपने तीसरे संस्करण में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने पहली बार जकार्ता और पालेमबांग में एशियन गेम्स 2018 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जब वह सिर्फ 16 साल की थीं। भारत की अनुभवी निशानेबाज 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी खेली थीं।

# बीसीसीआई की जूनियर पुरुष चयन समिति में दिख सकते हैं नए चेहरे




रमेश पोवार-आशीष जैदी की एंट्री के संकेत

नई दिल्ली। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रमेश पोवार और उत्तर प्रदेश के अनुभवी तेज गेंदबाज आशीष विंस्टन जैदी राष्ट्रीय जूनियर पुरुष चयन समिति में शामिल हो सकते हैं। 24 अगस्त को बीसीसीआई ने इस समिति में पांच पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितंबर थी। एक तरफ भारत की अंडर-19 पुरुष टीम राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। वहीं, दूसरी ओर अगली जूनियर चयन समिति बनाने की प्रक्रिया भी तेजी पकड़ रही है। नई समिति, तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर एस. शरथ की अध्यक्षता वाली मौजूदा समिति की जगह लेगी। मौजूदा समिति में राणादेब बोस (ईस्ट जोन), हरविंदर सिंह सोढ़ी (नॉर्थ जोन), पथिक पटेल (वेस्ट जोन) और कृष्ण मोहन (सेंट्रल जोन) शामिल हैं।

शनिवार को सूत्रों ने बताया, पोवार और जैदी ने समिति का हिस्सा बनने के लिए आवेदन किया है। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो पोवार नए मुख्य जूनियर चयनकर्ता और वेस्ट जोन के प्रतिनिधि बन सकते हैं, जबकि जैदी सेंट्रल जोन से जूनियर चयनकर्ता बन सकते हैं।

48 वर्षीय पोवार ने हाल ही में पद छोड़ने से पहले पिछले दो सीजन तक गुजरात की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्होंने दो बार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर भी काम किया; उनका दूसरा कार्यकाल तब खत्म हुआ जब उन्हें बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट अकादमी में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर भेजा गया। मुंबई के रहने वाले पोवार ने 2004 से 2007 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट मैच और 31 वनडे मैच खेले। वहीं, जैदी ने उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हुए 110 फर्स्ट-क्लास मुकाबलों और 47 लिस्ट-ए मुकाबलों में कुल 427 विकेट लिए।

# एशियन गेम्स 2026 से बाहर हुए MMAफाइटर वरुण सान्याल आर्यमन, मेडिकल जांच में अनफिट घोषित

2026 एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था





नई दिल्ली। भारतीय मिश्रित मार्शल आर्ट खिलाड़ी वरुण सान्याल आर्यमन को एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने के लिए चिकित्सकीय रूप से अनफिट घोषित कर दिया गया है। वजन घटाने की प्रक्रिया के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद यह फैसला लिया गया। इतिहास जानकारी के अनुसार, वरुण अपनी निर्धारित प्रतियोगिता के लिए वजन सीमा में आने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान कथित तौर पर क्रूज जहाज पर सॉना सत्र के बाद वह बेहोश हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी जांच की।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक नेपाली एथलीट ने उन्हें बेहोशी की हालत में देखा और मदद की। इसके बाद उन्हें चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। बाद में उनकी हालत स्थिर बताई गई और उन्हें खतरे से बाहर घोषित किया गया। रूरू जैसे खेलों में खिलाड़ी अपनी कैटेगरी के अनुसार वजन सीमा में आने के लिए प्रतियोगिता से पहले वजन कम करने की प्रक्रिया से गुजरते हैं। इस दौरान डाइट, प्रशिक्षण और शरीर से पानी कम करने जैसी प्रक्रियाओं का इस्तेमाल किया जाता है। बताया जा रहा है कि वरुण भी अपनी निर्धारित प्रतियोगिता के लिए वजन कम करने की प्रक्रिया में थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हुई और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया।स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, वजन घटाने की प्रक्रिया में शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है, इसलिए खिलाड़ियों की मेडिकल निगरानी बेहद जरूरी होती है। वरुण सान्याल आर्यमन को 2026 एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था। वह रूरू इवेंट में भारतीय दल का हिस्सा बनने वाले थे।

एशियन गेम्स जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेना किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है। वरुण इस प्रतियोगिता के लिए लंबे समय से तैयारी कर रहे थे। हालांकि, मेडिकल टीम की सलाह और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया।

घटना के बाद वरुण को अस्पताल ले जाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को स्थिर बताया। फिलहाल उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई गंभीर खतरा नहीं बताया गया है। वरुण सान्याल आर्यमन भारतीय रूरू जगत में उभरते हुए खिलाड़ी हैं। वह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल के बेटे हैं। इतिहास वरुण ने खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की दिशा में काम किया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर रहे थे। वरुण के एशियन गेम्स से बाहर होने को भारतीय रूरू टीम के लिए झटका माना जा रहा है। प्रतियोगिता में भारत की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों में वह एक महत्वपूर्ण नाम थे।

हालांकि, खेल अधिकारियों का कहना है कि खिलाड़ी का स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है और मेडिकल सलाह के आधार पर ही निर्णय लिया गया है।

## भारत के खिलाफ दूसरे मौके से खुश जापानी कोच बेडिंगफील्ड

नई दिल्ली। एक महीने पहले, जापान के कोच डुगल बेडिंगफील्ड को अंदाज़ा भी नहीं था कि उनकी टीम 2026 में पुरुषों के T20I मैच में वर्ल्ड चैंपियन भारत का सामना करेगी। लेकिन अब, मंगलवार को बेडिंगफील्ड की कोचिंग वाली जापान की टीम, तोचिगी प्रान्त के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खचाखच भरे स्टेडियम के सामने भारत के खिलाफ एक ऐतिहासिक 20-ओवर का मैच खेलेगी। सुज़ुकी कप के लिए होने वाला यह मैच जापान के लिए मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप विजेता भारत के खिलाफ खुद को परखने का एक दुर्लभ मौका है। यह दो दिन बाद शुरू होने वाले एशियन गेम्स के पुरुषों के टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए वॉर्म-अप भी है, जहाँ जापान का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा, जबकि श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में खेलेगी।

## ज्योतिष चमत्कार ( 21 सितम्बर 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 71 | 82 | 92 | 01 |
| मंगल | 1 | 8 | 9 | 0 |
| | 17 | 84 | 93 | 02 |
| बुध | 1 | 2 | 9 | 0 |
| | 18 | 26 | 95 | 03 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 0 |
| | 19 | 28 | 36 | 04 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 29 | 37 | 46 |
| शनि | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 20 | 39 | 47 | 56 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 24 | 34 | 45 | 54 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 43 | 53 | 60 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 52 | 69 | 79 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 51 | 68 | 78 | 89 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 76 | 87 | 98 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 1 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 2 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 5 | 6 | 7 |
| स्पेशल | 43 | 85 | 96 | 07 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 1 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 5 |
| सप्ताह में अचूक | 6 | 7 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 26 | 37 | 49 | 80 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 07 | 17 | 33 | 92 | 32 | 50 |
| 69 | 05 | 18 | 65 | 70 | 63 |
| 96 | 76 | 27 | 15 | 59 | 15 |
| 00 | 58 | 50 | 58 | 73 | 43 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 96 | 23 | 42 | 98 | 41 |
| 43 | 81 | 52 | 50 | 99 |
| 47 | 27 | 26 | 43 | 33 |
| 47 | 20 | 56 | 42 | 16 |

**जनवरी 2025 से सितम्बर 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024-25 -22-86
2026-10-22-29-40-41-44-47-60-61-84-85-86-87-09
1-777 2-499-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-466-222 7- 999 8-440-666 9-333 0-118-000

राजधानी नाईट 2024- -88 2025- -24-49-88-
2026-10-13-14-17-24-31-32-40-44-49-51-54-57-61-72-74-75-88-91-94-07-00
1-146-777, 2-660-444,3-166 -111, 4--888, 5-366-447-555 6-222, 7-700-999, 8-288-666, 9-117- 333, 0-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

*कस्टम मिलिंग में खेल : 183 मिलर्स में से सिर्फ...*

चावल का एक दाना भी जमा नहीं किया है। इन मिलरों ने करोड़ों रुपए का चावल अपने मिल में ही डंप कर रखा है। हाल ही में कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली थी, जिसमें कस्टम मिलिंग के चावल के संबंध में समीक्षा की गई थी। इस दौरान अपर कलेक्टर ने चावल जमा नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए मिलर्स पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगामी माह तक शत-प्रतिशत चावल जमा हो जाए।

**राइस मिलर्स अब तेजी से नान को चावल जमा करेंगे :** रायपुर, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने कहा कि, अभी तक एफसीआई को चावल जमा करने को प्राथमिकता दे रहे थे। दो माह का एक साथ चावल वितरण करना है, इसलिए अब नान का चावल जमा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सभी राइस मिलर्स अब तेजी से नान को चावल जमा करेंगे।

**32 मिलर्स ही 90 से 100 प्रतिशत चावल कर पाए हैं जमा :** 183 मिलर्स में 32 ही ऐसे हैं, जो उठाए गए कुल धान के एवज में 90 से 100 प्रतिशत तक चावल जमा कर पाए हैं, वहीं इनमें भी 6 मिलर्स ही 100 प्रतिशत चावल जमा किए हैं। इसी प्रकार करीब 80 मिलर्स ने 50 से 90 प्रतिशत तक चावल जमा किए हैं। रायपुर, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने कहा कि, कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स पर सख्ती बरती जाएगी। कलेक्टर के निर्देश पर राइस मिलर्स को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी चावल जमा नहीं किया तो बैंक गारंटी जब्त कर मिल में सीलबंदी की कार्रवाई की जाएगी।

*दिल्ली एसआईआर के बाद बड़ा झटका : आडवाणी, सिसोदिया और केजरीवाल समेत 33 लाख मतदाताओ*

एसआइआर डेटा मैपिंग न होने के कारण नोटिस जारी हुआ है। उनके बेटे मीर के मामले में माता-पिता के नाम में अंतर व पत्नी सीमा के मामले में उनके अपने नाम में अंतर को डिस्क्रेपेंसी का कारण बताया गया है। इनके अलावा दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, राज्यसभा सदस्य अजय माकन और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा को भी नोटिस दिए जाने की बात सामने आई है। माकन को अनमैप्ड रिकार्ड और चोपड़ा को मतदाता सूची में एंट्री डिफरेंस/अनमैप्ड होने के कारण नोटिस दिया गया है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन बिबेक देबराय का निधन 2024 में हो चुका है। इसके बावजूद दिल्ली कैंट विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग पार्ट-73 में उनका नाम 70 साल के मतदाता के रूप में दर्ज है। पिछली एसआइआर की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं होने के कारण उनका नाम नोटिस के लिए फ्लैग किया गया। जबकि, उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार उनका नाम एएसडीडी की डेथ लिस्ट में होना चाहिए था। यानी एसआईआर में उनके मामले ने एक साथ दो सवाल खड़े किए हैं–निधन के बाद भी नाम मतदाता सूची में कैसे बना रहा और फिर उसी नाम को मैपिंग नहीं होने पर नोटिस क्यों जारी हुआ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एन्यूमरेशन फार्म में मिली गड़बड़ियों के आधार पर नोटिस :** एक वरिष्ठ चुनाव अधिकारी के मुताबिक ये नोटिस मतदाताओं की ओर से जमा कराए गए एन्यूमरेशन फार्म में सामने आई लाजिकल डिस्क्रेपेंसी के आधार पर जारी किए गए हैं। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि नोटिस का मतलब नाम काटना नहीं है। तथ्यों और जरूरी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पात्र मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। जरूरत के अनुसार बीएलओ और ईआरओ को वीआइपी मतदाताओं के यहां भेजा जा रहा है। सोमवार शाम तक सभी के दस्तावेज जमा होने की उम्मीद है।

*सब्सिडी वाला एलपीजी सिलिंडर पाने के लिए....*

डिलीवरी बॉय के पास मौजूद मोबाइल ऐप के जरिए बायोमेट्रिक या फेशियल ऑथेंटिकेशन कराया जा सकता है। इसके अलावा उपभोक्ता सीधे अपनी एलपीजी एजेंसी पर जाकर ई-केवाईसी पूरा कर सकते हैं। वहीं घर बैठे ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के आधिकारिक ऐप जैसे इंडेन के लिए IndianOil ONE, भारतगैस के लिए HelloBPCL और एचपी गैस के लिए HP PAY ऐप का इस्तेमाल करके भी ई-केवाईसी आसानी से किया जा सकता है।

*ओडिशा के साथ नहीं है कोई विवाद, महानदी जल....*

इसके बाद वे करीब 10.40 बजे विमान से भुवनेश्वर के लिए रवाना हुए। भुवनेश्वर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री का लिंगराज मंदिर जाने का कार्यक्रम है। यहां वे भगवान लिंगराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। लिंगराज मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान पूरा करने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पुरी के लिए रवाना होंगे। उनके ओडिशा दौरे में धार्मिक स्थलों के दर्शन के साथ-साथ दोनों राज्यों के बीच सहयोग और विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा अहम रही।

*ढेबर परिवार से 50 करोड़ की डिमांड,...*

परिवार की ओर से पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।

**मोबाइल नंबर और लोकेशन खंगाल रही पुलिस :** धमकी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम उस मोबाइल नंबर और कॉल से जुड़ी दूसरी तकनीकी जानकारियां जुटा रही है, जिससे धमकी दी गई थी। जांच के दौरान कॉल डिटेल, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कॉल कहां से किया गया और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।

**बिश्नोई गैंग का नाम असली या सिर्फ डराने की कोशिश? :** मामले में पुलिस के सामने सबसे अहम सवाल यह है कि धमकी देने वाला व्यक्ति वास्तव में किसी संगठित गिरोह से जुड़ा है या उसने सिर्फ बिश्नोई गैंग का नाम लेकर परिवार को डराने की कोशिश की। पुलिस इसी एंगल से भी जांच कर रही है। इसके साथ ही व्यक्तिगत रंजिश, किसी विवाद या पैसे से जुड़े किसी अन्य मामले की संभावना को भी जांच के दायरे में रखा गया है। पुलिस फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कॉल से जुड़े तकनीकी और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

**कमिश्नर ने की धमकी की पुष्टि :** रायपुर कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने ढेबर परिवार के सदस्यों को धमकी दिए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। कमिश्नर के मुताबिक, पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कॉल वास्तव में बिश्नोई गैंग से आया था या किसी व्यक्ति ने गैंग का नाम लेकर धमकी दी। तकनीकी जांच के आधार पर कॉल करने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**सुरक्षा को लेकर भी जानकारी जुटा रही पुलिस :** धमकी में 50 करोड़ रुपए की बड़ी रकम मांगे जाने और गंभीर परिणाम भुगतने की बात कहे जाने के बाद पुलिस परिवार की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की भी जानकारी जुटा रही है। जांच पूरी होने के बाद सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस का फोकस धमकी भरे कॉल के स्रोत, मोबाइल नंबर की लोकेशन और कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान पर है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस पूरे मामले में किसी संगठित गिरोह की भूमिका है या फिर उसके नाम का इस्तेमाल कर परिवार को धमकाया गया।

*दुर्ग में अवैध गुटखा फैक्ट्री पर सेंट्रल जीएसटी का....*

रवाना हो गई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जब्त दस्तावेजों की स्क्रूटनी और सामग्री के वास्तविक मूल्यांकन के बाद ही आधिकारिक तौर पर टैक्स चोरी के पूरे आंकड़े का खुलासा किया जाएगा।

*मॉस्को पर 1,000 से ज्यादा ड्रोन हमलों का दावा,...*

चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नीतियों का विरोध करने वाले विपक्ष की मौजूदगी बेहद सीमित बताई गई। रूस ने यूक्रेन के उन चार क्षेत्रों में भी मतदान कराया, जिन्हें उसने युद्ध के बाद अपने कब्जे में लेने का दावा किया है, लेकिन जिन पर उसका पूरा नियंत्रण नहीं है। क्रीमिया में भी मतदान हुआ।

*'जाति के नाम पर भेदभाव हिंदू समाज....*

शाखा में व्यक्ति निर्माण और समाज को जोड़ने पर जोर-होसबाले : होसबाले ने कहा कि RSS की शाखा का काम व्यक्ति के चरित्र निर्माण के साथ समाज में संगठन की भावना पैदा करना है। उन्होंने कहा कि समाज को जोड़ने और व्यक्ति के भीतर चरित्र निर्माण के जरिए राष्ट्रीय जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में आगे बढ़ने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से इस काम को निस्वार्थ भाव, ईमानदारी और पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। भोपाल में रूरू के शताब्दी वर्ष के तहत 20 सितंबर को लाल परेड ग्राउंड में बड़ा स्वयंसेवक एकत्रीकरण आयोजित किया गया, जिसमें भोपाल विभाग के पांच जिलों से करीब 30 हजार स्वयंसेवकों के शामिल होने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दत्तात्रेय होसबाले मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे।

# सेवा, समर्पण और जन-भागीदारी का अद्भुत संगम : डोंगरगढ़ में रोशनी से जगमगाया 'सेवा संकल्प' पर्व



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 77 वें जन्मदिवस एवं उनके सेवा व समर्पण के 25 वर्षों के गौरवमयी अवसर पर देशव्यापी 'सेवा संकल्प' (17 सितंबर से 17 अक्टूबर) का भव्य शुभारंभ हुआ। मां बम्लेश्वरी की पावन नगरी डोंगरगढ़ में इस अवसर पर भक्ति, उत्साह और आस्था का एक ऐतिहासिक दीपोत्सव देखने को मिला। 51,000 दीपों का महा-दीपोत्सव। मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में 51,000 दीपों की दिव्य श्रृंखला प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की गई।

### घर-घर और वार्ड-वार्ड में दीपमाला

सभी 24 वार्डों में प्रकाश-डोंगरगढ़ नगर पालिका के सभी 24 वार्डों में प्रत्येक वार्ड स्तर पर 77-77 दिए जलाकर खुशी मनाई गई। विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रत्येक लाभार्थी परिवार के निवास पर विशेष रूप से दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर सर्व समाज एवं पार्टी जन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेताओं, जिला भाजपा नेतृत्व, मंडल के पदाधिकारियों, निष्ठावान कार्यकर्ताओं तथा सर्व समाज के नागरिकों की एवं प्रेस क्लब के साथियों की, स्वयंसेवी संस्थाओं की, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ की सक्रिय व उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। इस आयोजन के सुव्यवस्थित एवं भव्य संचालन के लिए रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ एवं नगर पालिका परिवार अमित जैन/रमन डोंगरे संयोजक एवं सहसंयोजक सेवा संकल्प के 25 वर्ष कार्यक्रम के भाजपा डोंगरगढ़ की जिम्मेदारी निभाई। विजेन्द्र सिंह ठाकुर प्रभारी आशीर्वाद के दिए डोंगरगढ़ भाजपा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़, डोंगरगढ़ नगर पालिका परिवार एवं पुलिस प्रशासन तथा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अत्यंत सफल कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

# 'आशीर्वाद के दीयों' से जगमगाया मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिला

मोहला (दावा)। राष्ट्रव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

शनिवार शाम ठीक 7 बजे जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों और ग्रामीण अंचलों में एक साथ करीब 1 लाख 25 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की सुनहरी आभा से पूरा जिला सेवा, समर्पण, जनकल्याण और जनभागीदारी के सामूहिक संकल्प से जगमगा उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा को समर्पित इस अभियान में आम नागरिकों, महिलाओं व स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### स्टेडियम में 11 हजार दीपों से महाउत्सव, भारत के नक्शे की रंगोली बनी आकर्षण

जिला मुख्यालय मोहला के मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में 11 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने दीप प्रज्वलन कर किया।



सेवा, समर्पण और सुशासन के संकल्प के साथ जिलेभर में एक साथ जले 1.25 लाख दीप, मोहला मिनी स्टेडियम में सजे 11 हजार दीये

आयोजन स्थल पर बनाई गई विशाल भारत के नक्शे की रंगोली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती गैंद कुंवर ठाकुर, कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, जिला पंचायत सीईओ उज्ज्वल पोरवाल, जनप्रतिनिधि अनिल गुप्ता, रमेश हिड़ामें, लक्ष्मेंद्र शाह, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी सहित अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी के 25 वर्षों की सेवा यात्रा जनसेवा व राष्ट्र निर्माण को समर्पित : सांसद

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा सुशासन और गरीब कल्याण की मिसाल है। सांसद ने कहा कि 'लखपति दीदी' और 'ड्रोन दीदी' जैसी योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक व तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा कि जैसे एक दीप से दूसरा दीप जलता है, उसी प्रकार सेवा और सुशासन का प्रकाश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। नागरिक स्वच्छता, पर्यावरण और जरूरतमंदों की सेवा का संकल्प लें।

### सामूहिक संकल्प और एकजुटता का प्रतीक : नम्रता सिंह

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने कहा कि यह आयोजन जिलेवासियों की एकजुटता का प्रमाण है। एक साथ जले सवा लाख दीपों ने नागरिकों में राष्ट्र व समाज के प्रति दायित्व निर्वहन की भावना को और प्रगाढ़ किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा के नेतृत्व में शिवनाथ नदी तट, कुम्हारपारा एवं गुरुद्वारा परिसर में दीप जलाए गए। इंद्रप्रस्थ स्टेडियम सहित ग्रामीण अंचलों में उत्सव का माहौल रहा।

# डॉ. योगिता वर्मा ने हासिल की पीएचडी की उपाधि



विद्यालय परिवार ने उपलब्धि पर दी बधाई

डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा की पूर्व छात्रा डॉ. योगिता वर्मा, पिता होमलाल वर्मा, ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर विद्यालय परिवार एवं अपने परिजनों का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि पर सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा के प्रबंध समिति एवं विद्यालय परिवार की ओर से हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। डॉ. योगिता वर्मा की इस उपलब्धि को विद्यालय परिवार ने उनके परिश्रम, लगन और निरंतर अध्ययन का परिणाम बताया। विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए पीएचडी की उपाधि हासिल करना अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है।विद्यालय परिवार ने डॉ. योगिता वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता से सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। विद्यालय प्रबंधन एवं परिवारजनों ने उनके आगामी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में निरंतर सफलता की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ. योगिता वर्मा को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# शालेय बेसबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भड़सेना स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने जीते चार रजत और एक कांस्य पदक

अंबागढ़ चौकी (दावा)। 26वीं शालेय राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 सितंबर तक बिलासपुर में किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, बिलासपुर एवं बस्तर संभागों की टीमों ने हिस्सा लिया। दुर्ग जोन की टीम में बेमेतरा, कवर्धा, बालोद, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी एवं दुर्ग जिले के चयनित खिलाड़ियों को शामिल किया गया था।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले के विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भड़सेना के पांच विद्यार्थियों ने दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व किया। इनमें मिनी वर्ग में रितेश कुंजाम



सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य आरबी सिंह ने दी बधाई

एवं लतिका नेताम, जूनियर वर्ग में खिलेश्वरी किरगे तथा सीनियर वर्ग में खिलेश्वरी सोनवानी एवं भूपेश कंवर शामिल रहे। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार रजत एवं एक कांस्य पदक अपने नाम किया। सीनियर बालक वर्ग में कक्षा 11वीं के भूपेश कंवर ने रजत पदक, सीनियर बालिका वर्ग में कक्षा 12वीं की खिलेश्वरी सोनवानी ने कांस्य पदक, जूनियर बालिका वर्ग में खिलेश्वरी किरगे ने रजत पदक, बालिका मिनी वर्ग में कक्षा 8वीं की लतिका नेताम ने रजत पदक तथा बालक मिनी वर्ग में कक्षा 8वीं के रितेश कुंजाम ने रजत पदक प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों ने बिलासपुर में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जोन को पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन विद्यार्थियों का चयन अगस्त माह में जेवरा, बेमेतरा एवं कवर्धा में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था।

विद्यालय के पांच विद्यार्थियों द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चार रजत एवं एक कांस्य पदक जीतने पर संस्था के प्राचार्य आर.बी. सिंह, पीटीआई जयकिशन चौहान, एसएमसी अध्यक्ष मोहन धुर्वे, सरपंच श्रीमती प्रमिला कोरेटी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# केंद्र सुरगी में किसान दिवस का हुआ आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। भगवान बलराम जयंती पर कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में एक दिवसीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भगवान बलराम, छत्तीसगढ़ महतारी, हल, मूसल एवं अन्य पारंपरिक कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना कर कृषकों की अच्छी उपज की कामना की गई।

कार्यक्रम में दलहन-तिलहन, पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती के लाभ के संबंध में जानकारी दी गई। प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों के उपयोग कर फसल सुरक्षा के बारे में बताया गया। किसानों को पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधिओं के माध्यम से कृषकों एवं विद्यार्थियों को उन्नत एवं लाभप्रद खेती के सम्बंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, दादूराम सोनकर, रोहित चंद्राकर सहित उन्नतशील एवं जागरूक कृषक एवं कृषि महाविद्यालय सुरगी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मारवाड़ी धर्मशाला चुनाव निर्विरोध संपन्न : विजय अग्रवाल अध्यक्ष व अक्षय भंडारी बने कोषाध्यक्ष



संरक्षक, आजीवन व साधारण श्रेणी के सदस्य भी सर्वसम्मति से निर्वाचित; डॉ. पन्नालाल बाफना बोले - निर्विरोध चुनाव सामाजिक एकता और समन्वय की मिसाल

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित मारवाड़ी धर्मशाला का चुनाव पूर्णतः शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण और सर्वसम्मति के साथ निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत सभी प्रमुख पदों एवं विभिन्न श्रेणियों के सदस्यों का चयन बिना किसी विरोध के किया गया। निर्वाचन के तहत विजय अग्रवाल अध्यक्ष तथा अक्षय भंडारी निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए। निर्विरोध निर्वाचन से पूरे मारवाड़ी समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

### विभिन्न श्रेणियों से ये सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

चुनाव संचालन प्रक्रिया के तहत विभिन्न श्रेणियों से समाज के प्रबुद्धजनों को निर्विरोध चुना गया। संरक्षक श्रेणी राकेश अग्रवाल, शुभम गट्टानी, निखार भूत, मोहित कोठारी एवं बालमुकुंद अग्रवाल निर्वाचित हुए (इस श्रेणी में एक पद रिक्त रहा)। आजीवन श्रेणी में अक्षय भंडारी, संजय नरेडी एवं काजू अग्रवाल एवं साधारण श्रेणी में विजय अग्रवाल, शाश्वत चौरड़िया एवं नवदीप अग्रवाल आदि है। समाजजनों ने आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी धर्मशाला की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक व पारदर्शी बनाने के साथ-साथ समाजहित के प्रकल्पों को नई दिशा देगी।

### अग्रवाल, माहेश्वरी व ओसवाल समाज का सामंजस्य अनुकरणीय : डॉ. बाफना

मारवाड़ी धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. पन्नालाल बाफना ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और संचालन समिति को बधाई देते हुए कहा कि मारवाड़ी धर्मशाला का चुनाव निर्विरोध संपन्न होना अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है। यह परिणाम आपसी विश्वास, सौहार्द, अटूट एकता और सामाजिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। अग्रवाल, माहेश्वरी एवं ओसवाल–तीनों समाजों का एकजुट होकर, भाईचारे के साथ दायित्व तय करना पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। यही संगठित शक्ति मारवाड़ी समाज की वास्तविक पहचान है। चुनाव संपन्न होने के बाद नगर के गणमान्य नागरिकों, समाज के वरिष्ठजनों और शुभचिंतकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# सेवा संकल्प अभियान : मां का अधूरा सपना, बेटे के पक्के घर से हुआ पूरा

राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों के जीवन में आए बदलाव की कहानियां समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं। विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत पारागांवखुर्द निवासी संतुराम की कहानी भी ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है, जहां प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने एक गरीब परिवार के जीवन में पक्की छत एवं सुरक्षा का सहारा दिया और वर्षों से अधूरे सपने को नई दिशा मिली।



प्रधानमंत्री आवास योजना ने संतुराम के जीवन में लाई नई रोशनी

श्री संतुराम ने बताया कि वे अपनी मां के साथ एक कच्चे और जर्जर मकान में रहते थे। दोनों मां-बेटे मजदूरी कर किसी तरह परिवार का जीवन-यापन करते थे। आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि अपने लिए पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल एक सपना था। बरसात के दिनों में कच्ची दीवारों वाले घर में पानी भर जाता था और हर बारिश उनके लिए चिंता और परेशानी लेकर आती थी। संतुराम बताते हैं कि उनकी मां का सपना था कि एक दिन उनका अपना पक्का मकान होगा। लेकिन पहले ही उनकी मां का निधन हो गया। मां के जाने के साथ ही पक्के घर का उनका सपना भी अधूरा रह गया। मां के निधन के बाद संतुराम अकेले ही जीवन गुजार रहे थे और पक्का मकान बनाने की उन्होंने उम्मीद लगभग छोड़ दी थी। इसी बीच ग्राम पंचायत के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली कि आवास प्लस सूची में उनकी मां के नाम के साथ वे नामिनी के रूप में दर्ज हैं। उन्होंने शीघ्र ही आवश्यक दस्तावेज, बैंक खाते एवं आधार कार्ड की जानकारी उपलब्ध कराने के बाद उनका पंजीयन कराया गया। कुछ समय बाद जब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत होने की जानकारी मिली तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ। बैंक जाकर खाते की जानकारी लेने पर उन्हें पता चला कि पहली किस्त के रूप में 40 हजार रूपए उनके खाते में जमा हो चुके हैं। इसके बाद संतुराम ने अपने पक्के घर का निर्माण शुरू किया। योजना के तहत तीन किस्तों में कुल 1 लाख 20 हजार रूपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। इसके साथ ही रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 95 दिवस की मजदूरी का लाभ भी मिला।

# किशोर माहेश्वरी बनाए गए संभागीय सह संयोजक




लंबे संगठनात्मक अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए सौंपी गई बड़ी जिम्मेदारी

राजनांदगांव (दावा)। हिंदू युवा मंच संगठन ने आगामी वर्ष में संगठन के विस्तार एवं गतिविधियों को और अधिक व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। संगठन द्वारा जारी घोषणा के अनुसार राजनांदगांव निवासी श्री किशोर माहेश्वरी को संभागीय सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता एवं कार्यक्षमता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की है।

किशोर माहेश्वरी इससे पूर्व राजनांदगांव जिला इकाई के जिलाध्यक्ष के रूप में लंबे समय तक संगठन का नेतृत्व कर चुके हैं। जिलाध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न लोकहित एवं देशहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया तथा संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सक्रिय एवं संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठन से जुड़े लोगों के अनुसार श्री माहेश्वरी की कर्तव्यनिष्ठता, जुझारूपन, सक्रिय कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता उनकी संगठनात्मक पहचान रही है। उनके कार्यकाल में संगठन ने विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों पर अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई तथा संगठन की गतिविधियों और पहुंच का विस्तार हुआ। लगातार संगठन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने और विभिन्न विषयों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के अनुभव को देखते हुए अब उन्हें संभाग स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। संभागीय सह संयोजक के रूप में उनकी जिम्मेदारी संगठन की गतिविधियों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने तथा संगठन के विस्तार को गति देने से जुड़ी होगी। किशोर माहेश्वरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने आशा व्यक्त की कि, वे अपने पूर्व अनुभव और सक्रिय कार्यशैली के माध्यम से नई जिम्मेदारी का प्रभावी निर्वहन करेंगे तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और विस्तार देंगे।

## सेवा संकल्प अभियान : मूकादाह में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

मोहला (दावा)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में जन जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम के निर्देशों के अनुपालन में 18 सितंबर को शासकीय हाईस्कूल मूकादाह, थाना गोटाटोला, मोहला में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग, नशामुक्ति केंद्र एवं पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक नुकसान की जानकारी दी। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नशे की लत से बचाव तथा नशामुक्त जीवन अपनाने के उपायों की जानकारी भी दी गई।

# बिजली की अघोषित कटौती से जनता हलाकान, किसान कांग्रेस ने जताई नाराजगी

ग्रामीण अंचलों में 5 से 6 घंटे तक गुल हो रही बिजली, सिंचाई, कारोबार और बच्चों की पढ़ाई पर गहराया संकट



राजनांदगांव (दावा)। जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती को लेकर किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू ने कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम जनता घंटों बिजली गुल रहने से त्रस्त है।

बिजली दफ्तरों में संपर्क करने पर भी उपभोक्ताओं को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

### किसानों के ट्यूबवेल ठप, फसलों पर मंडराया संकट

श्री साहू ने कहा कि अघोषित कटौती की सबसे ज्यादा मार ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ रही है। जहां रोजाना 5 से 6 घंटे तक आपूर्ति बंद की जा रही है। खेतों में मोटर पंप और ट्यूबवेल बिजली पर निर्भर हैं, लेकिन आपूर्ति ठप रहने से किसान समय पर फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। महत्वपूर्ण समय में पानी नहीं मिलने से फसलों के सूखने की आशंका बढ़ गई है, जिससे किसानों की लागत और मेहनत दोनों पर पानी फिर रहा है।

### व्यापार ठप, पेयजल संकट और पढ़ाई प्रभावित

बिजली गुल रहने से आम जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। शहर और गांवों में व्यापारियों के प्रतिष्ठान प्रभावित होने से आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा परीक्षाओं के समय घंटों बत्ती गुल रहने से विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है। घ

रों में पानी की मोटरें न चल पाने के कारण कई वार्डों व गांवों में पानी की किल्लत उत्पन्न हो रही है। उमस और गर्मी के बीच अस्पतालों में मरीजों की परेशानी बढ़ गई है।

### कटौती से पहले दी जाए सूचना- मदन साहू

किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने शासन व बिजली विभाग से मांग की है कि विद्युत व्यवस्था की तत्काल उच्चस्तरीय समीक्षा की जाए। यदि मेंटेनेंस या अपरिहार्य कारणों से बिजली बंद करनी भी पड़े, तो उपभोक्ताओं को समय और अवधि की पूर्व सूचना दी जाए। उन्होंने शासन से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त और जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पेड़ काटकर सेवा का दिखावा, भाजपा और निगम प्रशासन पर बरसे मुदलियार

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 'सेवा का संकल्प अभियान' की शुरुआत के लिए रानी सागर सरोवर के किनारे पेड़ों की कटाई किए जाने को लेकर निगम प्रशासन को प्रकृति का दोषी ठहराया है। नेताओं के साथ निरीक्षण के बाद उन्होंने इस मामले में दुख व्यक्त करते हुए इस मामले को निगम प्रशासन और भाजपा के नैतिक पतन का उदाहरण बताया।

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान रहे हैं और दूसरी ओर उन्हीं के जन्मदिन पर दीये जलाने के लिए पेड़ों की कटाई कर दी जाती है। वो भी सिर्फ इसलिए ताकि ड्रोन से तस्वीरें लेकर अपनी तथाकथित उपलब्धियों का महिमामंडन किया जा सके। यही निगम प्रशासन शहर में 10 हजार पौधरोपण के लिए स्थान तलाशता है और दूसरी फले-फूले वृक्षों की कटाई करने से भी नहीं हिचकता। निगम के तमाम जनप्रतिनिधि इस आयोजन की सीधी निगरानी में जुटे हुए थे इसलिए तय तौर पर वे इसके प्रत्यक्ष जवाबदेह हैं। इन मुद्दों पर सवाल हो रहे हैं तब वे अंधभक्ति का प्रमाण देने में ही व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि रानी सागर सरोवर में पेड़ों की कटाई का मामला गंभीर है। निगम प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि पेड़ किसके निर्देश पर और किसकी अनुमति से काटे गए। सवाल उठने पर भाजपा नेताओं का जवाब देने से बचना उनकी चुप्पी को और संदिग्ध बनाता है।



रानी सागर सरोवर में पेड़ों की कटाई पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और निगम प्रशासन से मांगा जवाब

मुदलियार ने कहा कि देश का व्यापारी वर्ग बढ़ते करों और आर्थिक दबाव से परेशान है। यूपीआइ लेन-देन पर एमडीआर को लेकर व्यापारियों में असंतोष है। आम नागरिक महंगाई से त्रस्त हैं और रोजमर्रा का जीवन कठिन होता जा रहा है। ऐसे समय में लाखों रुपये दीये जलाने जैसे आयोजनों पर खर्च करना और इसके लिए पेड़ों की कटाई करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सच्ची जनसेवा पेड़ों की कटाई कर दीये जलाने में नहीं, बल्कि जनता की समस्याएं दूर करने और पर्यावरण बचाने में है। भाजपा और निगम प्रशासन को दिखावे की राजनीति छोड़कर जनहित के वास्तविक मुद्दों पर काम करना चाहिए।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से पेड़ों की कटाई की जांच कराने, जिम्मेदार लोगों की भूमिका स्पष्ट करने और भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है। निरीक्षण के दौरान प्रवीण मेश्राम, रूपेश दुबे, राकेश जोशी, इकरामुद्दीन सोलंकी, लक्ष्मण साहू, चेतन भानुशाली ,झम्मन देवांगन, मामराज अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, भरत सोनी, रमेश पांडेय, महेंद्र बहादुर सिंह, वीरेन्द्र चंद्राकर, अशोक पंजवानी, ललित मरकाम, शरद खंडेलवाल, आशीष साहू, प्रदीप राठौर, राजा तिवारी, नरेश साहू, ऋषि शास्त्री ,गोलू नायक, रितेश गोलू महानंद, निश्चय बुराडे, बसंत चितलांग्या, ललित कुमरे, मनीष यादव, शुभम पाण्डेय, सुरेंद्र देवांगन, अमित कुशवाहा, जय जायसवाल, राहुल मरकाम, हिमालय बाडे, नंदकुमार साहू, आसिफ शेख, मुस्तफा जोया, छन्नू सेवता, राजकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।


# छत्तीसगढ़ कांग्रेस का बड़ा फैसला, इन 20 नेताओं का निष्कासन रद्द

**कार्यकर्ताओं की वापसी से आगामी 2028 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को मिलेगा संबल**

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति ने संगठन से जुड़े मामलों को लेकर अहम फैसला लिया है। 18 सितंबर 2026 को हुई समिति की बैठक में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से निष्कासित किए गए 20 कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का निष्कासन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी आदेश में संबंधित कांग्रेसजनों के नाम शामिल किए गए हैं।

### आनंद कुकरेजा और विनय चोपड़ा समेत 20 नाम

आदेश में शामिल नेताओं में आनंद कुकरेजा (रायपुर), विनय चोपड़ा (मुंगेली), पूनम पाण्डेय (रायपुर), विशाल रजानी (रायपुर), गोरेलाल सिन्हा (गरियाबंद), राघोवा महाड़कि (गरियाबंद), भविष्य प्रधान (गरियाबंद), ऋतिक सिन्हा (गरियाबंद), भानुप्रताप साहू (गरियाबंद), सुशील सोनी (गरियाबंद), सगीर खान (कोंडागांव), सिद्धार्थ डोंगरे (राजनांदगांव), राजेश गुप्ता (राजनांदगांव), जितेश सिमनकर (राजनांदगांव), सुनीता सिन्हा (राजनांदगांव), सकूर चौहान (राजनांदगांव), आशीष सोनकर (राजनांदगांव), शशांक डोंगरे (राजनांदगांव), श्यामबती सिन्हा (राजनांदगांव) और अंजू बंजारे (राजनांदगांव) के नाम शामिल हैं। आदेश में इन सभी के संबंध में निष्कासन रद्द किए जाने की जानकारी दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी आदेश प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैंदू के हस्ताक्षर से जारी किया गया है।




राजनांदगांव (दावा)। आदर्श गणेश उत्सव समिति आदर्श चौक लखोली, वार्ड क्रमांक 35 में विराजमान भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित है। समिति द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ गणेशोत्सव मनाया जा रहा है।

# संस्कारधानी में आज जलेगी राष्ट्रीय व सनातन एकता की ज्योति

- 21 समाज अध्यक्षों की मौजूदगी में प्रज्वलित होंगे 33,000 दीप
- पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे मुख्य अतिथि, विभिन्न समाजों के देवी-देवताओं के नाम समर्पित होंगे दीप

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की पावन धरा पर सामाजिक समरसता और सनातन एकता का अनूठा दृश्य देखने को मिलेगा। गणपति महामहोत्सव बाल रत्न मंच सेवा समिति के तत्वावधान में आज 21 सितंबर को पंडाल परिसर के समीप भव्य 'राष्ट्रीय एकता सनातन एकता दीप' महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 21 समाजों के अध्यक्षों एवं प्रमुखों की गरिमामय उपस्थिति में 33,000 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

समारोह में परम पूज्य गुरुदेव संत रामबालकदास जी महाराज (पाटेश्वर धाम) का सान्निध्य एवं आशीर्वचन प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल, संतोष अग्रवाल, महापौर मधुसूदन यादव तथा सनातन धर्म सेवा परिवार छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक उपस्थित रहेंगे। आयोजन में वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश ठाकुर एवं संस्कार राजपूत शनि धाम परिवार रानी सागर का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल एवं सचिव अभिनव अग्रवाल ने बताया कि यह दीपोत्सव सर्व समाज की एकता और अखंडता का सशक्त संदेश देगा। 33 हजार दीपों के माध्यम से विभिन्न समाजों के आराध्य देवी-देवताओं के नाम तथा समाज के नामों का सुंदर लेखांकन कर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। संस्कारधानी में सभी समाजों को एक सूत्र में पिरोने वाला यह अपनी तरह का पहला व ऐतिहासिक आयोजन होगा। जिसको लेकर सभी समाजों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। समिति पदाधिकारियों ने संस्कारधानी के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से इस पावन एवं भव्य दीपोत्सव के साक्षी बनने तथा समय पर उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# गणेश मंदिर में 1008 लड्डुओं से हुआ विघ्नहर्ता का भव्य सहस्त्रार्चन

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय प्रसिद्ध गणेश मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परंपरा का निर्वहन करते हुए विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का 1008 मोदकों (लड्डुओं) से भव्य सहस्त्रार्चन अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर प्रथम पूज्य भगवान गणेश के जयकारों और गूंजते वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय बना रहा। यह धार्मिक अनुष्ठान मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी के कुशल मार्गदर्शन एवं पुरोहित दयाशंकर ठाकुर के सानिध्य में पूर्ण विधि-विधान से संपन्न कराया गया। आयोजन का शुभारंभ प्रातःकाल मुख्य यजमानों के संकल्प के साथ हुआ। सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश का पंचामृत, सुगंधित द्रव्यों एवं पवित्र गंगाजल से दिव्य अभिषेक किया गया। इसके उपरांत पुरोहित दयाशंकर ठाकुर द्वारा शास्त्रों में वर्णित परंपरा के अनुसार देवाधिदेव का दशोपचार एवं षोडशोपचार पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान भगवान को दूर्वा, रक्त चंदन, अक्षत, सुगंधित पुष्प,



अध्यक्ष अशोक चौधरी के मार्गदर्शन व पुरोहित दयाशंकर ठाकुर के सानिध्य में विधि-विधान से संपन्न हुआ अनुष्ठान

गंध व जनेऊ अर्पित कर विशेष आरती उतारी गई।

वैदिक पूजन और अभिषेक के पश्चात मुख्य अनुष्ठान सहस्त्रार्चन प्रारंभ हुआ। पुरोहित द्वारा भगवान गणेश के 1000 पावन नामों और संकटनाशन स्तोत्र के मंत्रोच्चार के बीच एक-एक कर 1008 लड्डुओं से भगवान का सहस्त्रार्चन किया गया। मोदकों के इस भव्य अर्पण से भगवान का स्वरूप अत्यंत दिव्य और दर्शनीय प्रतीत हो रहा था। शास्त्रों में मान्यता है कि विघ्नहर्ता को मोदक अत्यंत प्रिय हैं और सहस्त्रार्चन के माध्यम से 1008 लड्डुओं का भोग लगाने से साधक के समस्त विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं तथा घर-परिवार में सुख, शांति व समृद्धि का वास होता है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के सहयोग से यह पावन आयोजन गरिमामय रूप से आयोजित किया गया। अनुष्ठान की पूर्णाहूति के उपरांत भव्य महाआरती उतारी गई। तत्पश्चात मंदिर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को सहस्त्रार्चन में अर्पित लड्डुओं का महाप्रसाद वितरित किया गया। दिनभर मंदिर में दर्शन और पुण्य लाभ अर्जित करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

# बोर्ड परीक्षा में बैठी छात्रा को कर दिया अनुपस्थित!

**गलत जानकारी से फेल हुआ परिणाम, तीन महीने तक सुधार का इंतजार; बाद में जारी हुआ संशोधित रिजल्ट, अभिभावक ने जांच और कार्रवाई की मांग की**

राजनांदगांव (दावा)। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के बावजूद एक छात्रा को परीक्षा रिकॉर्ड में अनुपस्थित दर्शाए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर छात्रा के पिता मिथिलेश साहू ने संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत कर पूरे प्रकरण की जांच और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार ग्राम उपरवाह, तहसील घुमका निवासी मिथिलेश साहू की पुत्री भारती साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उपरवाह की कक्षा 10वीं की नियमित छात्रा थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि छात्रा ने बोर्ड की निर्धारित परीक्षाओं में भाग लिया था। अंग्रेजी विषय की परीक्षा/ प्रायोगिक (प्रोजेक्ट) परीक्षा में भी छात्रा उपस्थित हुई थी, लेकिन इसके बावजूद विद्यालय के परीक्षा प्रभारी द्वारा उसे परीक्षा में अनुपस्थित दर्शाए जाने की जानकारी सामने आई।

### गलत जानकारी भेजे जाने का लगाया आरोप

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय स्तर से माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर को गलत जानकारी भेजे जाने के कारण छात्रा के परीक्षा परिणाम में उसे अनुत्तीर्ण दर्शाया गया। परिणाम सामने आने के बाद परिजनों ने विद्यालय से संपर्क किया। शिकायतकर्ता के अनुसार विद्यालय के परीक्षा प्रभारी द्वारा परिणाम में सुधार कराने का आश्वासन दिया गया और इसी भरोसे पर परिवार लगभग तीन महीने तक इंतजार करता रहा। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि बाद में छात्रा को राजनांदगांव में पुनः परीक्षा दिलाई गई और लगभग दो दिन पूर्व जारी नए परिणाम में छात्रा को उत्तीर्ण दर्शाया गया।

### तीन महीने तक चलता रहा असमंजस

परिजन का कहना है कि यदि छात्रा वास्तव में परीक्षा में उपस्थित थी, तो उसे अनुपस्थित दर्शाए जाने की स्थिति कैसे बनी? परीक्षा केंद्र और विद्यालय के रिकॉर्ड में छात्रा की उपस्थिति क्या दर्ज थी? तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल को अनुपस्थिति की जानकारी किस आधार पर भेजी गई–ये सवाल अब जांच के घेरे में हैं। शिकायतकर्ता ने कहा है कि इस पूरे घटनाक्रम के कारण छात्रा को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा तथा उसकी पढ़ाई और शैक्षणिक भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

### जांच के लिए रखीं पांच प्रमुख मांगें

शिकायत में संबंधित अधिकारियों से छात्रा की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा की उपस्थिति एवं परीक्षा संबंधी समस्त अभिलेखों की जांच, अंग्रेजी विषय की परीक्षा/प्रायोगिक परीक्षा में वास्तविक उपस्थिति का सत्यापन तथा गलत जानकारी भेजने वाले जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही छात्रा को हुई शैक्षणिक एवं मानसिक परेशानी को ध्यान में रखते हुए उचित राहत देने तथा भविष्य में किसी अन्य छात्र-छात्रा के साथ ऐसी स्थिति न बने। इसके लिए संबंधित विद्यालय को आवश्यक निर्देश देने की मांग की गई है।

### अब जांच में सामने आएगा सच

मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि क्या छात्रा की वास्तविक उपस्थिति के बावजूद बोर्ड रिकॉर्ड में उसे अनुपस्थित दर्ज किया गया था? यदि ऐसा हुआ है तो यह केवल रिकॉर्ड संबंधी त्रुटि थी या इसके पीछे लापरवाही की कोई अन्य वजह थी–इसका स्पष्ट जवाब जांच के बाद ही सामने आएगा।

# स्वच्छता केवल निगम ही नहीं, हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी : महापौर

**0 तुलसीपुर वार्ड में पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव, शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद वार्डवासियों को बांटे डस्टबिन**

**0 कचरा डस्टबिन में रखकर सफाई मित्रों को सौंपने और जनभागीदारी से शहर को सुंदर बनाने की अपील**





राजनांदगांव (दावा)। शहर के वार्ड क्रमांक 16, तुलसीपुर में नगर पालिक निगम द्वारा डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। आयोजन में शामिल होने से पहले महापौर ने तुलसीपुर स्थित शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा शहरवासियों के सुख, समृद्धि और आरोग्य की मंगलकामना की। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष तोपेंद्र (पारस) वर्मा, पार्षद शैंकी बग्गा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। पूजा-अर्चना के पश्चात महापौर एवं निगम अध्यक्ष की मौजूदगी में तुलसीपुर वार्ड के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए डस्टबिन वितरित किए गए।

### स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं : महापौर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम का दायित्व नहीं है, बल्कि यह हम सभी नागरिकों की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को डस्टबिन में ही संग्रहित रखें और प्रतिदिन सुबह घर-घर आने वाले सफाई मित्रों को ही सौंपें। कचरा खुले में या सड़कों पर न फेंकें। महापौर ने कहा कि जब तक जनभागीदारी नहीं होगी, तब तक पूर्ण स्वच्छता संभव नहीं है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने आसपास सफाई रखे और स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बना ले, तो 'स्वच्छ राजनांदगांव, सुंदर राजनांदगांव' का संकल्प अवश्य साकार होगा। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और निगम स्तर पर उनके त्वरित निराकरण का भरोसा दिया। इस अवसर पर भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत भाटिया, महामंत्री चंद्रभान जंघेल, महामंत्री विनोद भारती, एल्डरमैन हर्ष रामटेके (गुड्डा), मीडिया प्रभारी कबीर साहू सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बाइक से अवैध शराब परिवहन करते दो तस्कर गिरफ्तार, एक अन्य आरोपी भी पकड़ाया

राजनांदगांव (दावा)। अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी चिखली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बिक्री और परिवहन में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 59 पौवा अवैध शराब, परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और बिक्री रकम जब्त की गई है। चौकी चिखली प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने कार्रवाई की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 20 सितंबर को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटर साइकिल (क्रमांक सीजी 08 एडी 3915) में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखकर ग्राम बोरी की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मधुबन रेस्टोरेंट, ग्राम बोरी के पास घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका।



वाहन की तलाशी लेने पर उस पर सवार दो युवकों–नरसिंग ढीमर (29 वर्ष) पिता श्रवण ढीमर और रवि कुमार बघेल (20 वर्ष), दोनों निवासी कांकेतरा–के कब्जे से 30 पौवा देशी मदिरा प्लेन (कीमत 2400 रुपये) और 10 पौवा सुपर 36 देशी मसाला (कीमत 1000 रुपये) बरामद की गई। कुल 7.200 बल्क लीटर अवैध शराब (कीमत 3400 रुपये) जब्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

### श्मशान घाट रोड पर अवैध शराब बेचते एक अन्य पकड़ाया

इसी अभियान के तहत पुलिस ने गठुला श्मशान घाट रोड के पास एक अन्य कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब बेच रहे आरोपी रमेश कुमार भिमरे (48 वर्ष) पिता स्व. काजूलाल, निवासी नया ढाबा (चौकी सुकुल दैहान) को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 14 पौवा रोमियो देशी मसाला (कीमत 1400 रुपये) और 05 पौवा रोमियो देशी मदिरा प्लेन (कीमत 400 रुपये) सहित कुल 3.420 बल्क लीटर शराब (कीमत 1800 रुपये) और अवैध बिक्री के 170 रुपए नकद बरामद किए गए। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत पृथक से कानूनी कार्रवाई की गई है।

# चौपाटी का नाम अब होगा 'पं. श्रीराम शर्मा आचार्य स्मृति उपवन'





राजनांदगांव (दावा)। युग निर्माण विचार क्रांति के प्रणेता तथा अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर शहर के चौपाटी परिसर का नामकरण 'पं. श्रीराम शर्मा आचार्य स्मृति उपवन' किया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्य रामयश तिवारी एवं महापौर मधुसूदन यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नामकरण पट्टिका का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार के आचार्य रामयश तिवारी ने कहा कि राजनांदगांववासियों के लिए यह अत्यंत सौभाग्य का दिन है कि यहां अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक के नाम से उद्यान का नामकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरुदेव ने युग निर्माण के लिए विचार क्रांति का सूत्रपात किया और विश्व भर में 15 करोड़ से अधिक परिवारों को इस अभियान से जोड़ा। समाज में नई चेतना जाग्रत करने के लिए उन्होंने तीन हजार से अधिक पुस्तकों की रचना की। उनके अवतरण दिवस पर इस पुनीत कार्य का साक्षी बनना पूरे समाज के लिए गौरव की बात है।

### शहरवासियों के लिए गौरव का क्षण : महापौर

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि पूज्य आचार्य जी के नाम पर चौपाटी का नामकरण होना पूरे शहर के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार की मंशा के अनुरूप इस कार्य को पूरा किया गया है। पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के कार्यकाल के दौरान एमआईसी में यह प्रस्ताव लाया गया था, जिसे बाद में सामान्य सभा द्वारा पारित कर अमलीजामा पहनाया गया। महापौर ने इस कार्य में सहयोग के लिए पूर्व महापौर, उनकी टीम तथा उपस्थित अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, एमआईसी सदस्य शैंकी बग्गा, डिलेश्वर साहू, पार्षद हेमंत शेखर यादव, रवि सिन्हा, अमृता सिन्हा, पूर्व पार्षद विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव, पंकज कुरंजेकर, गायत्री परिवार के प्रमुख श्रीराम पाल तिवारी, धीरजलाल टाक, नंदकिशोर सुरजन, सूर्यकांत चितलांग्या, एस.पी. सिंह, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अंकित व्यास, ओमप्रकाश लड्ढा, जुगल किशोर लड्ढा, राकेश ठाकुर, हिरेन्द्र ठक्कर तथा अशोक खण्डेलवाल सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com